राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 60
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 29 जनवरी 2026
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट
पेज 3 युवराज मौत मामले में एसआईटी ने सीएम को रिपोर्ट सौंपी
पेज 4 उन्नाव में महिला शिक्षामित्र की गोली मारकर हत्या
पेज 6 आईसीसी रैंकिंग: सूर्यकुमार यादव की टॉप-10 में वापसी

## संक्षिप्त खबरें

### चार साल में 10 हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में पाइप से मिलेगी रसोई गैस

**नई दिल्ली।** दस हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में अगले चार साल में पाइप लाइन से रसोई गैस की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इसके लिए प्राथमिक तौर पर मप्र जैसे 11 ऐसे राज्यों को चुना गया है, जिनकी आबादी देश की कुल जनसंख्या का लगभग 55 प्रतिशत है। गोवा में जारी 'इंडिया एनर्जी वीक 2026' में इस मुद्दे पर तेल और गैस उत्पादक कंपनियों के बीच विस्तृत चर्चा हुई। गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री का विजन है देश के गांवों तक में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की आपूर्ति करना।

### दिल्ली दंगों के मामले में ताहिर हुसैन समेत 3 पर साजिश के आरोप सही

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 28 जनवरी को कोर्ट में कहा कि 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में ताहिर हुसैन, सलीम मलिक और अथर खान मुख्य साजिशकर्ताओं के साथ थे। एडिशनल सेशन जज समीर बाजपेयी तीनों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे थे। पुलिस ने यूएपीए की धारा 43डी(5) का हवाला देकर जमानत का विरोध किया। कोर्ट गुरुवार को फैसला सुना सकता है। तीनों ने सुप्रीम कोर्ट में 5 अन्य आरोपियों को जमानत देने का हवाला देकर याचिका दी थी। ताहिर हुसैन पूर्व-क पार्षद हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुलफिशा फातिमा समेत 5 को जमानत दी थी।

# महाराष्ट्र डिप्टी सीएम अजित पवार का प्लेन क्रैश में निधन

**बारामती में लैंडिंग के दौरान गिरकर खाक, सभी 5 सवार मारे गए; अंतिम संस्कार आज**

एजेंसी








**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन हो गया है। बुधवार सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान उनका चार्टर्ड प्लेन क्रैश हो गया। वे 66 साल के थे। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई।

पवार 5 फरवरी को पुणे में होने वाले जिला परिषद चुनावों के लिए चार रैलियों को संबोधित करने वाले थे। वे मुंबई से सुबह 8.10 बजे रवाना हुए थे। केंद्रीय एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू ने बताया कि पायलट ने बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह प्लेन को दोबारा ऊंचाई पर ले गया।

पहली कोशिश नाकाम रहने के बाद बारामती के रनवे-11 पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश की गई। इस दौरान विमान रनवे से पहले ही गिर गया और उसमें आग लग गई। इस दौरान पायलट ने कोई इमरजेंसी सिग्नल नहीं दिया था। उसने 'मेडे' कॉल भी नहीं किया था।

महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस बारामती पहुंच गए हैं। उन्होंने आज स्कूलों की छुट्टी और 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पवार का अंतिम संस्कार बारामती में गुरुवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। अजित के चाचा शरद पवार, पत्नी सुनेत्रा, दोनों बेटे और बहन सुप्रिया सुले भी बारामती पहुंच गई हैं।

इधर, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो, यानी एएआईबी ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसी की एक टीम दिल्ली में विमान की ऑपरेटर कंपनी वीएसआर वेंचर्स के ऑफिस पहुंची है। दूसरी टीम बारामती रवाना हो गई है।

इस बीच वीएसआर वेंचर्स ने कहा है कि पायलट को 16 हजार घंटे का फ्लाइंग एक्सपीरियंस था। विमान की को-पायलट के पास 1500 घंटे का एक्सपीरियंस था। कंपनी ने दावा किया कि एयरक्राफ्ट में कोई तकनीकी खामी नहीं थी।

अजित पवार की पार्टी एनसीपी भाजपा-शिवसेना महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में शामिल है। उन्हें मिलाकर पार्टी के कुल 41 विधायक थे। वे खुद उपमुख्यमंत्री थे। उनके अलावा 7 कैबिनेट और 1 राज्य मंत्री हैं।

### शिंदे बोले- साजिश की बात कहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण



मुंबई में महाराष्ट्र के डिप्टी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि ऐसे हादसों के वक्त राजनीति करना बिल्कुल ठीक नहीं है। इस तरह की घटनाओं पर राजनीति करना और साजिश की बात कहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एकनाथ शिंदे ने कहा- शरद पवार खुद साफ कर चुके हैं कि यह सिर्फ एक हादसा था और इसमें किसी तरह की साजिश नहीं है। पूरा महाराष्ट्र इस समय गहरे दुख में डूबा हुआ है।

### शरद पवार बोले- साजिश नहीं, हादसा; इसपर राजनीति नहीं करें



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान हादसे में मौत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गहरा शोक जताया है और जांच की मांग की है। ममता बनर्जी ने कहा, दो दिन पहले उन्हें पता चला था कि अजित पवार बीजेपी छोड़ने वाले हैं. और आज यह घटना हो गई। इस पर शरद पवार ने कहा- यह एक हादसा है। कुछ लोग इसे राजनीतिक साजिश बता रहे हैं। हालांकि, इसमें कोई पॉलिटिक्स नहीं है। यह पूरी तरह से एक हादसा है। महाराष्ट्र, हम सब उनकी तकलीफ से परेशान हैं। प्लीज यहां पॉलिटिक्स न लाएं।

### बम की धमकी



गुरुग्राम में निजी स्कूलों को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद, माता-पिता अपने बच्चों के साथ शैलोम हिल्स इंटरनेशनल स्कूल से बाहर भाग निकले।

### मणिपुर हिंसा मामले में जस्टिस गीता मित्तल समिति का कार्यकाल बढ़ा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मणिपुर में जातीय हिंसा के पीड़ितों की राहत और पुनर्वास की देखरेख के लिए गठित जस्टिस गीता मित्तल समिति का कार्यकाल 31 जुलाई तक बढ़ा दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने समिति का कार्यकाल तब बढ़ाया जब उन्हें सूचित किया गया कि इसका कार्यकाल पिछले साल जुलाई में समाप्त हो गया था।

# यूजीसी के नए नियमों का विरोध

**यूपी में सवर्ण युवकों ने मुंडन कराया, बिहार में फांसी मांगी; सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार**






**नई दिल्ली/लखनऊ/पटना।** देशभर में जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स और सवर्ण जाति के लोगों का यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के नए नियमों को लेकर विरोध जारी है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने नए नियमों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की मांग स्वीकर की।

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने वकीलों की दलीलों पर ध्यान दिया। सीजेआई ने कहा- हमें पता है कि क्या हो रहा है। सुनिश्चित करें कि खामियों को दूर किया जाए। हम इसे लिस्ट करेंगे।

इधर, यूपी-बिहार में आज भी जमकर हंगामा हुआ। स्टूडेंट्स और सवर्ण जातियों के लोग सड़कों पर उतरे। यूपी के पीलीभीत में सवर्ण समाज के युवकों ने मुंडन कराया। बिहार में पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के पोस्टर पर कालिख पोती गई।

### यूजीसी के नए नियमों का विरोध क्यों?

यूजीसी ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इसका नाम है- प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन्स, 2026।

इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मॉनिटरिंग टीमें बनाने के निर्देश दिए हैं। ये टीमें खासतौर पर एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ बताकर विरोध हो रहा है।

आलोचकों का कहना है कि सवर्ण छात्र 'स्वाभाविक अपराधी' बना दिए गए हैं।

जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स का कहना है कि नए नियम कॉलेज या यूनिवर्सिटी कैंपसों में उनके खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा दे सकते हैं। इससे कॉलेजों में अराजकता पैदा होगी।

# इंदौर में दूषित पानी से 30वीं मौत, हाईकोर्ट ने बनाया जांच आयोग

इंदौर। इंदौर में दूषित पानी से बुधवार को 30वीं मौत हो गई। भागीरथपुरा में रहने वाले 62 वर्षीय लक्ष्मी रजक को दो दिन पहले उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था परिजनों ने बताया कि भर्ती के दौरान उनकी किडनी भी खराब होने की जानकारी मिली। इससे पहले भागीरथपुरा के खूबचंद की दूषित पानी से मंगलवार को मौत हो गई थी। बुधवार को उनके परिजनों ने अंत्येष्टि से पहले सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया। हालांकि, अब भर्ती मरीजों की संख्या सिर्फ 6 रह गई हैं। इनमें से 3 आईसीयू में हैं। एक वेंटिलेटर पर है। दूसरी ओर इसी मामले को लेकर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में मंगलवार (27 फरवरी) को सुनवाई हुई।




हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में ढाई घंटे से ज्यादा सुनवाई चली।



## हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है पति- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा...



## शायरी

हम भी दरिया हैं हमें अपना हुनर मालूम है,
जिस तरफ भी चल पड़ेंगे रास्ता हो जाएगा!

# राजस्थान में कोहरे के कारण ट्रक में घुसी बस, आग लगी

**एमपी के 30 जिलों में बारिश, हिमाचल में ग्लेशियर गिरा; केदारनाथ में 4 फीट बर्फ**

**शिमला/भोपाल/जयपुर/श्रीनगर/देहरादून।** मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर समेत 30 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। ग्वालियर में ढाई इंच पानी गिरा। 8 जिलों में ओले पड़े, जिससे गेहूं, चना और सरसों की फसल को नुकसान हुआ।

राजस्थान में मावठ के बाद बीकानेर, जयपुर, श्रीगंगानगर और नागौर में घना कोहरा छाया रहा। कई जगह विजिबिलिटी 30 मीटर से कम रही। धुंध के कारण बीकानेर में एक लग्जरी बस ट्रक में घुस गई, जिससे बस में आग लग गई। बस में 40 पैसेंजर्स सवार थे, जिन्होंने इमरजेंसी विंडो से कूदकर जान बचाई।





हिमाचल प्रदेश के 9 जिलों में बुधवार को बर्फबारी हुई। वहीं स्पीति में बर्फीला तूफान चला। चंबा के भरमौर में ग्लेशियर गिरने से गाड़ियां, दुकानें और एक तीन मंजिला मकान क्षतिग्रस्त हो गया। राज्य में 3 नेशनल हाईवे समेत 889 से ज्यादा सड़कें बंद हैं।

उत्तराखंड के सभी जिलों में बुधवार को दिनभर रुक-रुककर बारिश हुई। उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग में बारिश के साथ बर्फबारी हुई, जबकि केदारनाथ में 4 फीट से ज्यादा बर्फ जम गई। 8 जिलों में 12वीं तक के स्कूल बंद हैं।

जम्मू-कश्मीर में लगातार बर्फबारी से कश्मीर के कई इलाकों में रात का तापमान शून्य से नीचे रहा। गुलमर्ग और सोनमर्ग में पारा माइनस 9.8 डिग्री तक गिरा। बर्फ हटाने के बाद जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे (एनएच-44) पूरी तरह खोल दिया गया।

### अन्य राज्यों में मौसम का हाल


उत्तर प्रदेश के अयोध्या-लखनऊ समेत 9 शहरों में बुधवार को बारिश हुई है। संभल में क्लास 8 तक और सिद्धार्थनगर में क्लास 12 तक के स्कूल आज बंद कर दिए गए हैं। मौसम विभाग ने 29 जिलों में आज ओले और बारिश का अलर्ट जारी किया है। पंजाब में अमृतसर सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा के भिवानी में पारा 5.5 डिग्री तक गिर गया। चंडीगढ़ में सुबह घना कोहरा छाया रहा।

# गृह मंत्रालय बोला-जनगणना 2027 के दूसरे चरण जाति जनगणना होगी

- कुछ लोग सिर्फ भ्रम फैला रहे; अखिलेश यादव ने कहा था- भातपा जाति जनगणना नहीं कराएगी

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि जनगणना 2027 के दूसरे चरण में जाति जनगणना भी की जाएगी। सरकार ने कहा कि देश भर में फरवरी 2027 से जनगणना शुरू हो जाएगी।

गृह मंत्रालय ने कहा कि जनगणना 2027 के बारे में पूरी जानकारी 12 दिसंबर, 2025 को एक प्रेस नोट के माध्यम से जारी की गई थी। फिर भी, कुछ लोग जानबूझकर जनगणना-



2027 और विशेष रूप से जाति जनगणना के बारे में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।


दरअसल, सपा चीफ अखिलेश यादव ने × पर एक पोस्ट में दावा किया था कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का जाति जनगणना कराने का कोई इरादा नहीं है। पिछड़े, दलित और



अल्पसंख्यक समुदाय को धोखा दिया है।जनगणना नोटिफिकेशन में जाति के लिए कोई कॉलम ही नहीं है।

मंत्रालय ने आगे बताया कि जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से ढके क्षेत्रों और गैर-समकालिक क्षेत्रों सितंबर, 2026 में ही इसे पूरा किया जाएगा।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
82,344.68
+487.20 (0.60%)
निफ्टी:
25,342.75
+167.35

## मौसम



अधिकतम : 19 डिग्री से0
न्यूनतम : 09 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 7 : 22
सूर्यास्त गुरुवार : 5 : 53

# बजट सत्र का दूसरा दिन, आज इकोनॉमिक सर्वे पेश होगा

**कल राष्ट्रपति ने अभिभाषण दिया, वीबी-जी राम-जी एक्ट का जिक्र करते ही विपक्ष का हंगामा**

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के बजट सत्र का गुरुवार को दूसरा दिन है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को बजट 2026-27 पेश करेंगी। इससे पहले आज संसद में इकोनॉमिक सर्वे पेश किया जाएगा।

वहीं सत्र के पहले दिन बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा की जॉइंट मीटिंग में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अभिभाषण दिया।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार देश में आर्थिक प्रगति और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों से निपटने में सफल रही है।

राष्ट्रपति ने 45 मिनट की स्पीच में वीबी- जी राम जी कानून का भी जिक्र किया। इस पर विपक्ष ने हंगामा किया और कानून वापस लो के नारे लगाए। उधर, एनडीए सांसदों ने समर्थन में नारेबाजी की। पीएम मोदी और अमित शाह भी मेज थपथपाते नजर आए।

बजट सत्र 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक चलेगा। यह दो हिस्सों में होगा। पहला हिस्सा 28 जनवरी से 13 फरवरी तक और दूसरा हिस्सा 9 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा।

इस दौरान कुल 30 बैठकें होंगी। 28 जनवरी और 1 फरवरी को कोई शून्यकाल नहीं होगा।

**गणतंत्र दिवस परेड** — राज्यों में महाराष्ट्र और मंत्रालयों में मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर को सर्वश्रेष्ठ झांकी का अवॉर्ड

# गणतंत्र दिवस परेड : नेवी मार्चिंग दल तीनों सेनाओं में बेस्ट

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड 2026 के विजेताओं के नाम को बुधवार को एलान किया गया। इसमें इंडियन नेवी के मार्चिंग दस्ते को तीनों सेनाओं बेस्ट माना गया।

वहीं राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में महाराष्ट्र ने बेस्ट झांकी की लिस्ट में टॉप किया।

इसमें गणेश उत्सव को आत्मनिर्भरता के प्रतीक के रूप में दर्शाया गया था। पारंपरिक पोशाक पहनी महिलाओं ने झांकी के दोनों ओर लोक नृत्य किया।

वहीं, संस्कृति मंत्रालय की वंदे मातरम की 150 साल की विरासत का जश्न मनाने वाली झांकी मंत्रालयों



और विभागों की श्रेणी में विजेता रही।

अधिकारियों ने बताया कि 30 जनवरी को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन राष्ट्रीय रंगशाला कैंप में किया जाएगा।

### नेवी के मार्चिंग दल में 144 सैनिक शामिल थे

नेवी के अधिकारियों ने बताया कि नेवी के मार्चिंग दल में 144 युवा कर्मी ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर कंधे से कंधा मिलाकर मार्च कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि नौसेना के मार्चिंग दल ने तीनों सेवाओं में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल का शीर्ष पुरस्कार जीता। वहीं, दिल्ली पुलिस के दल को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और अन्य सहायक बलों में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल घोषित किया गया।

### मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर ने वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का जश्न मनाया

कल्चरल मिनिस्ट्री की झांकी ने वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इसमें बंकिम चंद्र चटर्जी के गीत की रचना, एक प्रसिद्ध मराठी गायक द्वारा औपनिवेशिक काल की रिकॉर्डिंग और त्वद्धि का प्रतिनिधित्व करने वाले एक समूह द्वारा इसका गायन दिखाया गया।

वंदे मातरम : एक राष्ट्र की आत्मा की पुकार थीम पर आधारित, झांकी के अग्रभाग में वंदे मातरम की पांडुलिपि को बनाते हुए दिखाया गया था। इसके निचले हिस्से में एक पैनल पर चटर्जी की एक छवि दिखाई गई थी।

मध्य भाग में पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों का एक समूह था जिसने भारत की लोक विविधता को दर्शाया। कुछ लोगों ने आधुनिक पोशाकों में Gen Z का प्रतिनिधित्व करते हुए दिखाया।

# संपादकीय

## महाराष्ट्र की राजनीति में एक युग का अंत : अजित पवार का निधन



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

28 जनवरी 2026 की सुबह महाराष्ट्र की राजनीति के लिए एक सदमे भरी खबर लेकर आई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख नेता अजित पवार एक विमान दुर्घटना में नहीं रहे। बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान उनका चार्टर्ड लियरजेट 45 विमान क्रैश हो गया, जिसमें अजित पवार समेत विमान में सवार पांचों लोगों की मौत हो गई। यह हादसा सुबह लगभग 8ः44 बजे हुआ, जब विमान मुंबई से बारामती की ओर जा रहा था। अजित पवार जिला परिषद चुनावों के प्रचार के लिए बारामती पहुंच रहे थे, जहां वे चार रैलियां संबोधित करने वाले थे।

यह दुर्घटना महाराष्ट्र की राजनीति में एक बड़े युग का अंत मानी जा रही है। अजित पवार, जिन्हें जनता प्यार से दादा कहती थी, पिछले चार दशकों से राज्य की सियासत का मजबूत स्तंभ रहे। उनका जन्म 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देवलाली प्रवर में हुआ था। चाचा शरद पवार की छत्रछाया में राजनीति में प्रवेश करने वाले अजित ने 1991 में बारामती से विधायक बनकर अपना सफर शुरू किया और लगातार आठ बार इस सीट से जीते। वे कई बार उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री और अन्य महत्वपूर्ण विभागों के प्रमुख रहे। सिंचाई परियोजनाओं, ग्रामीण विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर में उनके योगदान को बारामती और पिंपरी-चिंचवड़ जैसे इलाकों में आज भी याद किया जाता है।

अजित पवार का राजनीतिक सफर विवादों से भी भरा रहा। 2019 में उन्होंने कुछ घंटों के लिए भाजपा के साथ सरकार बनाई, फिर वापस लौटे। 2023 में उन्होंने एनसीपी में बगावत की, पार्टी को विभाजित किया और भाजपा-शिवसेना गठबंधन में शामिल होकर फिर उपमुख्यमंत्री बने। 2024 के चुनावों में उनकी एनसीपी गुट ने अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन उनकी मौत ने महायुति सरकार और एनसीपी में बड़ा संकट पैदा कर दिया है। अब सवाल उठ रहे हैं कि पार्टी की कमान कौन संभालेगा—पत्नी सुनेत्रा पवार, बेटे पार्थ पवार या चचेरी बहन सुप्रिया सुले? हादसे के बाद राजनीतिक दलों से शोक की लहर दौड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, अजित पवार की अचानक मौत से गहरा दुख हुआ। वे प्रशासनिक मामलों को समझने वाले और गरीबों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित थे। गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। शरद पवार ने कहा कि यह महज हादसा है, इसमें कोई साजिश नहीं और राजनीति नहीं लानी चाहिए।बारामती में लोगों का हुजूम अस्पताल और विद्या प्रतिष्ठान मैदान पर उमड़ पड़ा, जहां अंतिम दर्शन के लिए उनका पार्थिव शरीर रखा गया। अंतिम संस्कार 29 जनवरी को राजकीय सम्मान के साथ होगा, जिसमें पीएम मोदी और अमित शाह सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। महाराष्ट्र सरकार ने तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया है।

अजित पवार की मौत से महाराष्ट्र की राजनीति में एक बड़ा शून्य पैदा हो गया है। वे न सिर्फ प्रशासक थे, बल्कि जनता के बीच %दादा% के रूप में लोकप्रिय थे—सीधे बोलने वाले, काम करने वाले और बारामती को विकसित करने वाले। उनका जाना राज्य के विकास और एनसीपी के भविष्य पर सवाल खड़े करता है। लेकिन उनकी विरासत—बारामती का विकास, ग्रामीण महाराष्ट्र की आवाज और साहसिक फैसले—हमेशा याद रहेगी।

**ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। ओम शांति!**

# अजित पवारः आरोपों से ऊपर उठे राजनीति के 'दादा-पुरुष'

-ललित गर्ग-



यह खबर केवल एक व्यक्ति के निधन की नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के एक पूरे युग के अचानक थम जाने की सूचना है। 28 जनवरी 2026 की सुबह जब बारामती में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित अनंतराव पवार के असामयिक निधन की पुष्टि हुई, तो वह क्षण केवल पवार परिवार के लिए नहीं, बल्कि समूचे महाराष्ट्र और देश की राजनीति के लिए गहरे शोक और स्तब्धता का कारण बन गया। जिस नेता को लोग अधिकार, अनुभव और निर्णय क्षमता का पर्याय मानते थे, उसका इस तरह अचानक चले जाना सत्ता, प्रशासन और राजनीतिक संतुलन में एक बड़ा रिक्त स्थान छोड़ गया है। एक संभावनाओं भरी महाराष्ट्र की राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल महाराष्ट्र के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से सहकारी आन्दोलन को भी गहरा धक्का लगा है।

अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं। औपचारिक शिक्षा माध्यमिक स्तर तक ही सीमित रही, किंतु जीवन की व्यावहारिक पाठशाला ने उन्हें वह सिखाया जो बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थान भी नहीं सिखा पाते। शायद यही कारण रहा कि अजित पवार की राजनीति किताबों से नहीं, जमीन से निकली हुई राजनीति थी, जिसमें किसानों की पीड़ा, सहकारी संस्थाओं की ताकत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नब्ज साफ दिखाई देती थी। राजनीति में उनका प्रवेश किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि सहकारी आंदोलन की प्रयोगशाला से हुआ। 1982 में मात्र बीस वर्ष की आयु में उन्होंने एक चीनी सहकारी संस्था का चुनाव लड़ा। यह वही दौर था जब महाराष्ट्र की राजनीति में सहकारी संस्थाएं सत्ता की रीढ़ मानी जाती थीं। अजित पवार ने बहुत जल्दी समझ लिया कि यदि ग्रामीण महाराष्ट्र को साधना है तो उसे बैंक, चीनी मिल, सिंचाई और बिजली से जोड़ना होगा। यही समझ आगे चलकर उनकी राजनीतिक पहचान की सबसे बड़ी ताकत बनी।

1991 अजित पवार के राजनीतिक जीवन का निर्णायक वर्ष रहा। पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्होंने वित्तीय प्रशासन और संगठन संचालन में अपनी दक्षता का परिचय दिया। सोलह वर्षों तक इस पद पर बने रहना अपने आप में उनकी विश्वसनीयता और पकड़ को दर्शाता है। उसी वर्ष बारामती से लोकसभा के लिए निर्वाचित होना उनके बढ़ते कद का प्रमाण था, लेकिन उन्होंने यह सीट अपने चाचा शरद पवार के लिए छोड़ दी। यह फैसला केवल पारिवारिक निष्ठा का नहीं, बल्कि राजनीतिक दूरदृष्टि का भी उदाहरण था। इसके बाद विधानसभा में प्रवेश और फिर लगातार बारामती से जीत ने उन्हें जनाधार का वह आधार दिया, जिसे महाराष्ट्र की राजनीति में विरले ही कोई चुनौती दे सका।

अजित पवार को सत्ता के गलियारों में पहुंचाने वाली सबसे बड़ी विशेषता उनकी प्रशासनिक पकड़ थी। कृषि, बागवानी, बिजली और जल संसाधन जैसे कठिन और संवेदनशील विभागों को संभालते हुए उन्होंने विकास और विवाद दोनों को नजदीक से जिया। जल संसाधन मंत्री के रूप में कृष्णा घाटी और कोकण सिंचाई परियोजनाओं से उनका नाम जुड़ा। इन परियोजनाओं ने जहां किसानों के लिए पानी और उम्मीद का संदेश दिया, वहीं आलोचनाओं और आरोपों का बोझ भी उनके कंधों पर रखा। इसके बावजूद वे उन नेताओं में रहे जो फाइलों से नहीं, फैसलों से पहचाने जाते थे।

उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका सफर महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनोखा अध्याय है। छह बार इस पद तक पहुंचना केवल राजनीतिक संयोग नहीं था, बल्कि सत्ता संतुलन, गठबंधन राजनीति और संगठनात्मक ताकत का परिणाम था। वे सरकार में अक्सर संकटमोचक की भूमिका में दिखे। बजट, वित्तीय प्रबंधन और संसदीय रणनीति में उनकी पकड़ ऐसी थी कि विरोधी भी उनके अनुभव को नजरअंदाज नहीं कर पाते थे। उन्हें महत्वाकांक्षी कहा गया, कभी-कभी कठोर और रूखे स्वभाव का नेता भी बताया गया, लेकिन यह भी सच है कि सत्ता की वास्तविकता को वे भावनाओं से नहीं, निर्णयों से देखते थे। विवाद उनके राजनीतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे। सिंचाई घोटाले से लेकर बयानबाजी तक, कई मौके ऐसे आए जब उनकी छवि पर प्रश्नचिह्न लगे। अगर बांध में पानी नहीं है तो क्या पेशाब करके भरें? जैसे बयान ने उन्हें आलोचनाओं के केंद्र में ला खड़ा किया। उन्होंने माफी भी मांगी, सफाई भी दी और समय के साथ उन विवादों से उबरते हुए फिर सत्ता के शीर्ष पर लौटे। यह उनकी राजनीतिक जिजीविषा का प्रमाण था कि आलोचना और आरोप उन्हें रोक नहीं पाए।

शरद पवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी हमेशा चर्चाएं रहीं। कभी मतभेद, कभी दूरी और कभी सियासी अलग राह की अटकलें। लेकिन अजित पवार स्वयं को हमेशा शरद पवार का अनुयायी बताते रहे। उन्हें मिला दादा का संबोधन केवल पारिवारिक नहीं था, बल्कि वह एक राजनीतिक ब्रांड बन चुका था, जो उनके समर्थकों में भरोसे और नेतृत्व की भावना जगाता था।

वे संगठनकर्ता भी थे और प्रशासक भी, रणनीतिकार भी और जमीनी नेता भी। उन्हें अपनी विविध आयामी भूमिकाओं से अपने को मिले 'दादा' के अलंकरण को सार्थक भी किया और जीवंतता भी दी। उनका असामयिक निधन एक क्रूर विडंबना है। जिस नेता ने दशकों तक सत्ता की उड़ान भरी, उसकी जीवन यात्रा एक विमान हादसे में थम गई। कहा जाता है कि दुर्घटना से कुछ समय पहले तक वे पूरी तरह सक्रिय थे, योजनाओं, बैठकों और राजनीतिक समीकरणों में व्यस्त। यह अचानक आई मृत्यु उस अनिश्चितता को रेखांकित करती है, जो सत्ता और जीवन दोनों के साथ जुड़ी है।

अजित पवार का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल राजनेता, समाज निर्माता, ग्राम-उद्धारक, सहकारी आन्दोलन पुरोधा, कुशल प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया। यही कारण है कि कोई भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र आपके जीवन से अछूता रहा हो, संभव नहीं लगता। आपके जीवन की खिड़कियाँ समाज एवं राष्ट्र को नई दृष्टि देने के लिए सदैव खुली रही। उनकी सहजता और सरलता में गोता लगाने से ज्ञात होता है कि वे राजनीतिक सरोकार से ओतप्रोत एक अल्हड़ एवं साहसिक व्यक्तित्व थे। बेशक अजित पवार अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने जुझारु राजनीति जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय राजनीति एवं राष्ट्रवादी सोच के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे।

आज जब महाराष्ट्र और देश उनके निधन पर शोकाकुल है, तब अजित पवार का मूल्यांकन केवल प्रशंसा या आलोचना के तराजू पर नहीं किया जा सकता। वे विवादों से घिरे रहे, लेकिन उनसे परिभाषित नहीं हुए। उनकी राजनीति कठोर थी, लेकिन उसमें अनुभव की गहराई थी। वे लोकप्रियता से अधिक प्रभाव में विश्वास रखते थे। शायद यही कारण है कि उनके जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में एक ऐसा सन्नाटा है, जिसे शब्दों में बांधना कठिन है।

अजित पवार का जीवन यह सिखाता है कि राजनीति केवल भाषणों और नारों से नहीं चलती, बल्कि निर्णय, जोखिम और जिम्मेदारी से चलती है। उनका जाना एक चेतावनी भी है और एक स्मृति भी, क्योंकि सत्ता क्षणभंगुर है, लेकिन अनुभव और प्रभाव लंबे समय तक याद किए जाते हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में दादा के नाम से पहचाना जाने वाला यह व्यक्तित्व अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है, लेकिन उसकी छाया आने वाले वर्षों तक राज्य की राजनीति पर बनी रहेगी।

# दुखद हादसा

बुधवार सुबह बारामती के पास हुई एक विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार व चालक दल के सदस्यों समेत पांच लोगों की दुखद मृत्यु हो गई। मुंबई से बारामती आ रहा चार्टर विमान मौसम की खराबी के कारण रनवे के करीब दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के कारणों का असली पता जांच के बाद ही चलेगा, मगर प्रथम दृष्टया धुंध के कारण दृश्यता में कमी ही बताया जा रहा है। महाराष्ट्र में छह बार उप मुख्यमंत्री रहे अजित पवार के राज्य में राजनीतिक योगदान को नकारा नहीं जा सकता। राज्य में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व अन्य विपक्षी दलों ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है। हालांकि, ममता बनर्जी ने उनकी मौत को लेकर कुछ सवाल खड़े किए हैं, लेकिन उनके राजनीतिक गुरु व चाचा शरद पवार ने उनकी मृत्यु को लेकर राजनीतिक बयानबाजी को खारिज किया है। निश्चय ही महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी के नेता अजित पवार की असामयिक दुर्घटना में मृत्य ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक शून्य जरूर पैदा कर दिया है। वहीं डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन यानी डीजीसीए के मुताबिक दुर्घटना क्रैश लैंडिंग के दौरान हुई। रनवे के निकट हुए हादसे में विमान में आग लग गई और स्थानीय लोगों के प्रयासों के बावजूद किसी को बचाया नहीं जा सका। विमान लियरजेट-45 सोलह साल पुराना था। घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। निस्संदेह, अजित पवार जनता के नेता थे और जमीनी स्तर पर लोगों से उनका गहरा जुड़ाव था। बताया जाता है कि प्रशासनिक मामलों में उनकी समझ गहरी थी। वे वंचित वर्ग को सशक्त करने के प्रयासों के लिये जाने जाते रहे हैं।


बहरहाल, अजित पवार को महाराष्ट्र की राजनीति में उनके बदलते दांव-पेचों के लिये याद किया जाता रहेगा। उनके बारे में कहा जाता रहा है कि वे उस कहावत को हकीकत बनाते रहे हैं कि राजनीति में कोई स्थायी दोस्त नहीं होता और ना ही स्थायी दुश्मन। वे अपनों के साथ तो रहे, गैरों को भी रास आए। उन्होंने चाचा और अपने राजनीतिक गुरु शरद पवार से राजनीति के गुर सीखे। शरद पवार को महाराष्ट्र की राजनीति का चाणक्य कहा जाता रहा है, लेकिन अजित पवार ने उनसे अलग होकर अपनी नई राह भी बनायी। यूं तो उन्होंने चाचा शरद के साथ राजनीतिक पारी शुरू की लेकिन साल 2023 आने तक वे एकला चलो की राजनीति करने लगे। हालांकि, उन्होंने चाचा शरद पवार की छत्रछाया में राजनीति का ककहरा सीखा लेकिन एक समय वे पार्टी का सिंबल भी ले जाने में कामयाब रहे। फिर शरद पवार को नई पार्टी बनाकर उपस्थिति दर्ज करानी पड़ी।

बारहवीं तक पढ़ाई के बावजूद वे अनुभवी नीतिकारों की सहायता से एक बेहतर प्रशासक भी साबित हुए। सहकारी चीनी मिलों से राजनीति की शुरुआत करने वाले पवार विधायक से लेकर सांसद तक चुने जाते रहे। वे राज्य में छह बार उप मुख्यमंत्री बने। साल 1991 में पहली बार बारामती से कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने, लेकिन चाचा शरद पवार के लिये बाद में सीट खाली भी की। वे सबसे पहले 1995 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने।

उनकी लोकप्रियता का आकलन इस बात से किया जा सकता है कि वे सात बार विधायक चुने गए। फिर वे विलासराव देशमुख की कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन सरकार में पहली बार सिंचाई मंत्री बने। फिर ग्रामीण विकास मंत्री भी रहे। बाद में वे एनसीपी-कांग्रेस गठबंधन में जल संसाधन मंत्री भी रहे। साल 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद उनके अचानक भाजपा गठबंधन के साथ आने और उप मुख्यमंत्री बनने ने सबको चौंकाया था। फिर पवार साल 2023 में महायुति गठबंधन का हिस्सा बनकर पांचवीं बार उप मुख्यमंत्री बने। हालांकि, एनसीपी में विभाजन के बाद शरद पवार परिवार से संबंध बनाये रखे। इसके बावजूद कि उन्होंने एनसीपी का नाम और सिंबल तक ले लिया था। महाराष्ट्र की राजनीति में अजित पवार को कई मायनों में हमेशा याद किया जाएगा।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3784



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3783 का हल



## हंसी के फूव्वारें

शक्ल-सूरत से एकदम भोली दिखती एक जवान लड़की डॉक्टर के सामने बैठी हुयी थी. डॉक्टर ने उसका शारीरिक परीक्षण करने के बाद कहा, 'मेरा ख्याल है कि तुम्हारे बच्चा होने वाला है.' क्षण भर रुककर वह बोला, 'और यह संभव है कि तुम्हारे जुड़वां बच्चे हों.'

'लेकिन डॉक्टर साहब यह कैसे हो सकता है?' लड़की ने चकित स्वर में कहा, 'मैं अपने जीवन में एक बार में कभी दो से नहीं मिली हूँ.'

□ □ □

घरवाली ने जरा खीझते हुए आदमी से बोली, 'घर में जवान बेटी बैठी है और तुम्हें कोई चिंता नहीं, हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हो. कुछ भाग-दौड़ करो...'

आदमी ने एक गहरी सांस लेते हुए कहा, 'भागवान, कोई सही-सा लड़का मिले तो बात आगे...'

तड़-से घरवाली बीच में ही बात काटते हुए हाथ घुमाकर बोली, 'सोचो, अगर मेरे पिताजी भी सही लड़के की खोज करते, तो फिर तुम्हारा क्या होता?'

□ □ □

पति ने चिड़चिड़े लहजे में कहा, 'इस वक्त मुझे तंग मत करो, मेरे दिमाग में आग लगी है...'

'ओह !' पत्नी बोली, 'तभी तो मैं सोच रही थी कि चमड़ा जलने की बदबू कहां से आ रही है !'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3784



### बायें से दायें:-

१. 'इश्क कभी करियो ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं कहीं कवि न बन जाऊं' गीत वाली धर्मेन्द्र, वैजयंती की फिल्म-२,१,२
७. राहुलराय, दीपक तिजोरी, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१०. 'वो लम्हे वो बातें' गीत वाली इमरान हाशमी, उदिता, शमिता की फिल्म-३
१२. 'अमूल स्टार वॉइस ऑफ इंडिया' का एंकर कौन है?-२
१४. 'मोरनी रे मोरनी मैं' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, सीमा की 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आँखों में तू होठों में तू' गीत वाली जिमी शेरगिल, शेनाज की फिल्म-३
१७. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की 'बंद होठों से जो' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२०. संजय, शरद, मनीषा की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दिल विच तेरा ही खयाल' गीत वाली अमिताभ, अक्षय की फिल्म-२
२३. संजयदत्त, माधुरी, की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२७. संजीवकुमार, जया की फिल्म-३
२८. सलमान खान, स्नेहा की 'सुन जरा सोनिये सुन जरा' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'लड़के ने लड़की को देखा' गीत वाली गोविंदा, जूही की फिल्म-४
३१. 'चल प्रेमनगर जाएगा बतला ओ' गीत वाली फिल्म-२
३२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
३३. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की फिल्म-२

### ऊपर से नीचे:-

१. 'सुहानी चाँदनी रातें' गीत वाली संजीव, शशि, विद्यासिन्हा, बिंदिया की फिल्म-२
२. रितिक रोशन, करिश्मा कपूर की 'मैं नाचूं बिन पायल' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
५. विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी की 'ये कैसी लगी अगन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ये कैसा गम सजना' गीत वाली सुनीलदत्त, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-२,२
८. अमिताभ, परवीन की 'देख सकता हूँ मैं कुछ भी होते हुए' गीत वाली फिल्म-४
९. देव आनंद, उषा किरण की फिल्म-३
११. अमिताभ, रजनीकांत, गोविंदा, किमी की 'बम चिकी चिकी' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हम से तुम दोस्ती कर' गीत वाली सनी देओल, डिम्पल की फिल्म-४
१६. संजीवकुमार, सुलक्षणा की 'सुबह और शाम काम ही' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-३
१९. नवीन निश्चल, रेखा की 'कान में झुमका चाल में ठुमका' गीत वाली फिल्म-३,२
२१. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२४. अनिल धवन, रेहाना की 'दिल बेचैन रहा तुम बिन' गीत वाली फिल्म-२,२
२५. 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
२६. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की फिल्म-३
२९. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3783



## सूडोकु -3784


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3783 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## शब्द पहेली - 3784



### बाएँ से दाएँ

1. फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4. आश्चर्य, विलक्षणता-4
7. जीत, फतेह-2
8. आकाश रेखा, छोर-3
9. तल, पैंदा-2
10. थाती, धरोहर-4
11. मोटा आटा-2
13. सलाह, मशवरा-4
14. अन्य, वो, तिन-2
16. घर, गृह-3
18. धावक (अंग्रेजी-3)
19. नाम रखना-2,3
21. परामर्शदाता-5
24. सुनसान, नीरव-3
26. वन, जंगल-3
28. मिट्टी, रेत-2
29. चेतनाहीन-4
30. पराग कण-2
32. भयभीत होना-4
33. छोटी सवारी गाड़ी-2
35. फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं, वेणी-3
36. द्वार, किवाड़-2
37. जनता की राय-4
38. नाटक लिखने वाला-5

### ऊपर से नीचे

1. मत, सलाह-2
2. करतब-4
3. वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4. अनश्वर, चिरयुवा-3
5. लीन, मग्न-2
6. जलाऊ लकड़ी-4
7. रनिवास 3,2
10. मूर्ख (उर्दू-4)
12. बांया-2
15. आनंदित होना-4
17. शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18. योद्धा-4
20. अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22. मुआवजा-4
23. चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25. राज वंश-2,3
26. काम, कार्य-4
27. मादा का विलोम-2
29. उपद्रव फैलाने वाला-4
31. दुनिया, जहान-3
34. क्रिकेट में बनते हैं-2
36. पंख, पराया-2

### शब्द पहेली - 3783 का हल



# युवराज मौत मामले में एसआईटी ने सीएम को रिपोर्ट सौंपी

## जांच के बाद 600 पेज का जवाब, प्रशासन-पुलिस और प्राधिकरण पर बड़ी गाज गिरेगी

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-150 में इंजीनियर युवराज मेहता की कार डूबने से हुई मौत के मामले में गठित विशेष जांच टीमने अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है।

सात दिन तक चली गहन जांच, सैकड़ों दस्तावेजों की पड़ताल और दर्जनों अधिकारियों-कर्मचारियों से पूछताछ के बाद तैयार यह रिपोर्ट प्रशासनिक सिस्टम की गंभीर चूक की ओर इशारा करती है। रिपोर्ट के आधार पर बड़े स्तर पर सख्त कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं।

### 600 पेज की रिपोर्ट में सिस्टम की परत-दर-परत जांच

एसआईटी को नोएडा प्राधिकरण, पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से करीब 600 पन्नों का लिखित जवाब सौंपा गया था। इनमें जलभराव की पूर्व जानकारी, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज प्लान, कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, ड्यूटी रोस्टर, कॉल रिकॉर्ड, रेस्क्यू रिस्पॉन्स टाइम और मौके पर मौजूद अधिकारियों की जिम्मेदारियों का पूरा विवरण शामिल है। टीम ने हर दस्तावेज को क्रॉस-वेरिफाई करते हुए रिपोर्ट का हिस्सा बनाया।

### दो घंटे की देरी समन्वय की दिखी कमी

जांच के दौरान सबसे गंभीर सवाल यह सामने आया कि युवराज को बाहर निकालने में लगभग दो घंटे क्यों लग गए। एसआईटी ने पाया कि




हादसे के बाद शुरुआती समय में रेस्क्यू सिस्टम पूरी तरह सक्रिय नहीं हुआ। एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय की भारी कमी रही।

कंट्रोल रूम से समय पर निर्देश नहीं दिए गए और मौके पर मौजूद टीमें हालात की गंभीरता को समझने में विफल रहीं।

### प्लान फाइलों में, हकीकत सड़क पर डूबी

रिपोर्ट में यह भी उजागर हुआ है कि जिस प्लॉट में हादसा हुआ, वहां

**युवराज की मौत से सिस्टम कटघरे में**

युवराज मेहता की मौत अब सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम की नाकामी का प्रतीक बन गई है। एसआईटी की रिपोर्ट ने साफ कर दिया है कि यह मौत रोकी जा सकती थी अगर समय पर प्लानिंग, मॉनिटरिंग और रेस्क्यू सिस्टम ने अपना काम किया होता।

जल निकासी की स्थायी योजना पहले से प्रस्तावित थी, लेकिन वह सिर्फ कागजों तक सीमित रही। प्लॉट आवंटन से लेकर हादसे के दिन तक ड्रेनेज सिस्टम को लेकर कोई ठोस काम नहीं किया गया।

एसआईटी ने उस अवधि में तैनात रहे वरिष्ठ अधिकारियों, जूनियर इंजीनियरों और संबंधित विभागों की भूमिका को सीधे तौर पर जांच के दायरे में लिया है।

सूत्रों के मुताबिक एसआईटी रिपोर्ट में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम स्पष्ट रूप से दर्ज किए गए हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं इसका अध्ययन करेंगे।

माना जा रहा है कि दोषियों पर निलंबन, विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ आपराधिक मुकदमे तक के निर्देश दिए जा सकते हैं।

# नोएडा , ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण में तबादले

## उपमहाप्रबंधक से लेकर प्रबंधक के किए गए ट्रांसफर, शासन ने तत्काल रिलीव करने को कहा

**नोएडा।** शासन ने देर शाम नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रसेवे औद्योगिक विकास व यूपीसीडा में तैनात कई अधिकारियों के तबादले किए हैं। एसआईटी कमेटी की रिपोर्ट पर कार्यवाही के पूर्व इन तबादलों को युवराज हादसे की घटना से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

स्थानांतरित किए गए अधिकारियों में सबसे पहला नाम नोएडा के रूप वशिष्ठ का है जिनको नोएडा से यमुना प्राधिकरण में प्रबंधक सिविल पद पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके बाद अगला नंबर यमुना प्राधिकरण में वरिष्ठ प्रबंधक सिविल के पद पर कार्यरत प्रदीप कुमार को ग्रेटर नोएडा में




वरिष्ठ प्रबंधक सिविल के पद पर भेजा गया है।

उनके बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में वरिष्ठ प्रबंधक सिविल के पद पर कार्य चेतराम को यूपीसीडा में वरिष्ठ प्रबंधक सिविल के पद पर भेजा गया है। उनके साथ नोएडा में वरिष्ठ प्रबंधक राकेश कुमार को भी यूपीसीडा भेजा गया है। यमुना प्राधिकरण में प्रबंधक के पद पर कार्यरत यशपाल सिंह को नोएडा में तैनाती दी गई है।

साथ ही ग्रेटर नोएडा से संबद्ध यूपीसीडा में उपमहाप्रबंधक सलिल यादव को यूपीसीडा में ही उपमहाप्रबंधक प्रबंधक के पद पर तैनाती दी गई है।

इनके अलावा यमुना प्राधिकरण में प्रबंधक जितेंद्र कुमार यादव को नोएडा में तैनाती दी गई है।

देर रात हुई इस कार्यवाही को लेकर सभी प्राधिकरणों में निर्देश दिए गए हैं कि वह मौजूद कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर उनको रिलीव कर दें।

## ग्रेटर नोएडा में रोडरेज विवाद, हवाई फायरिंग

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में रोडरेज के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। लकड़ी के गोदाम पर हवाई फायरिंग और मारपीट के आरोप में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस घटना में एक युवक का पैर टूट गया, जबकि अन्य को भी गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने बुधवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित प्रवीण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका झाझर रोड पर लकड़ी का गोदाम है। रविवार रात उनके कर्मचारी मोनीस और कपिल सलारपुर रोड स्थित एक होटल से खाना लेने गए थे। इसी दौरान गुनपुरा निवासी लखन ने अपनी तेज रफ्तार कार से उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गिर गए। आरोपी गाली-गलौज करते हुए मौके से चला गया। देर रात, गुनपुरा निवासी विशाल, सरताज और दनकौर निवासी बिलाल के साथ गोदाम पर पहुंचा।

# सड़क हादसे में एक की मौत

## कार ने पीछे से स्कूटी में टक्कर मारी, 20 से 30 मीटर आगे जाकर गिरी

**नोएडा।** सेक्टर-49 थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-47 की ट्रैफिक लाइट के पास बुधवार शाम एक कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी स्कूटी 20 से 30 मीटर आगे जाकर गिरी।

हादसे में स्कूटी सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार को कब्जे में ले लिया है। कार के ड्राइवर को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-45 निवासी 27 साल संजय सिंह आटा चक्की चलाते थे। बुधवार शाम वह किसी काम से बैटरी से चलने वाली स्कूटी लेकर कहीं जा रहे थे। जैसे ही वह सेक्टर-47 स्थित ट्रैफिक लाइट के पास पहुंचे तो पीछे से एक कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। कार का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के बाद स्कूटी सवार संजय




सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर से खून बहने लगा।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन में कोहराम मच गया।

हादसे के चलते मौके पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। यातायात पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कराकर यातायात को सुचारू कराया।

# बीटेक छात्र आत्महत्या मामला, दो वार्डन गिरफ्तार

## हॉस्टल की चौथी मंजिल से कूदकर छात्र ने दी थी जान

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र की आत्महत्या के मामले में नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने अब तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में फरार चल रहे सुधांशु उर्फ शेखर (निवासी बक्सर, बिहार) और रोहित भाटी (निवासी कैमराला, दादरी) को आईआईएमटी तिराहा से गिरफ्तार किया। ये दोनों आरोपी उस हॉस्टल के वार्डन थे, जहां छात्र ने आत्महत्या की थी। यह घटना 23/24 जनवरी की रात नॉलेज पार्क-3 स्थित एक हॉस्टल में हुई थी। बीटेक छात्र उदित सोनी ने हॉस्टल की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस जांच के अनुसार, उदित सोनी अपने दोस्तों के साथ शराब पीकर हॉस्टल लौटा था।

इसके बाद वार्डन और अन्य लोगों ने कथित तौर पर उससे अवैध वसूली की और मारपीट भी की। इस घटना से क्षुब्ध होकर उदित अपने कमरे में गया और फिर चौथी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी।

उदित सोनी के पिता की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस का कहना है कि बाकी फरार आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नोएडा : 50 से ज्यादा वाहन चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

## पेचकस और छेनी से चैचिस नंबर बदलते थे, मास्टर 'की' से खोलते है लॉक

**नोएडा।** नोएडा की थाना सेक्टर-126 पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। ये 50 से ज्यादा वाहन चोरी कर चुके है। ये लोग रैकी करके वाहन चोरी करते इसके बाद पेचकस और छेनी की मदद से चैचिस और इंजन नंबर को घिसकर हटा देते और नया नंबर डाल देते है। इसमें एक मैकेनिक भी है। ये वाहनों को खोलकर उनके पार्टस अलग कर बेचता है।

इनके नाम जितेन्द्र उर्फ जीतू निवासी विनोद नगर दिल्ली उम्र करीब 34 साल, शालू निवासी उम्र करीब 31 साल और फिरोज खान निवासी हाथरस उम्र करीब 28 साल है। ये लोग वाहन चोरी की घटना में काफी लंबे से लिप्त है। इनके पास से मास्टर की पांच बाइक , पार्टस बरामद की गई। इनकी गिरफ्तारी रायपुर की ओर जाने वाले पुस्ता रोड से गिरफ्तार किया गया।



### हाल ही में मिली थी दो शिकायत

पुलिस ने बताया कि 24 जनवरी को थाना सेक्टर 126 पर मोटर साइकिल (हीरो स्प्लेडर प्लस ) अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले जाने के शिकायत की गई थी। इसी तरह 30 दिसंबर को बाइक चोरी की शिकायत मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने टीम का गठन किया और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। मुखबिर तंत्र एक्टिव किया गया। जिसके बाद तीनों चोरों को गिरफ्तार किया।

### एनसीआर में है सक्रिय

पुलिस ने बताया कि ये एक संगठित गिरोह है। एनसीआर में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। जिसमें पहले फिरोज खान व शालू द्वारा रात के समय पार्किंग स्थलों, कार्पोरेट आफिस, स्कूलों व सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिलों की रैकी करता है। इसके बाद इसकी जानकारी जितेन्द्र उर्फ जीतू को देते है। जीतू मास्टर चाबी से मोटरसाइकिल का लॉक खोलकर उन्हें चोरी कर ले जाता है।

### बाइक खोलकर पार्टस करते अलग

चोरी के बाद मोटरसाइकिलों को पहचान न हो इसके लिए फिरोज व शालू हथौड़ा व नुकीले पेचकस जैसे औजारों से उनके इंजन व चैचिस नंबर घिसकर मिटा देते है। उन पर फर्जी नंबर गोद देते है। फिरोज मोटरसाइकिल का अच्छा मिस्त्री है। ये बाइक को काटकर डिमांड के हिसाब से उसके पार्टस अलग करता जिसमें पहिए, मीटर, हैंडल, एलॉय पार्ट्स को बेचने की व्यवस्था करता है।

# नोएडा और ग्रेटरनोएडा बीच शुरू होगा ऑप्शनल रास्ता

## नॉलेज पार्क थ्री से सेक्टर-146-147 तक जाएगी, 50 फीसद एप्रोच रोड पूरी

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच एक और ऑप्शनल रास्ता को जल्द शुरू करने की तैयारी है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने नॉलेज पार्क थ्री से नोएडा के सेक्टर 146-147 के बीच हिंडन नदी पर बन रहे पुल और एप्रोच रोड का जायजा लिया और ग्रेटर नोएडा में एप्रोच रोड के कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच आवाजाही को और आसान बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थ्री से नोएडा के सेक्टर 146-147 के बीच हिंडन नदी पर पुल का निर्माण तेजी से चल रहा है। इसके दोनों तरफ एप्रोच रोड नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बनवा रहे हैं। ग्रेटर नोएडा की तरफ एप्रोच रोड की लंबाई लगभग एक किलोमीटर है, जिसे बनाने में लगभग 25 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं।

### पुल का निर्माण होते ही खुलेगा

सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा की तरफ एप्रोच रोड का निर्माण शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि पुल शुरू होते ही लोग इस ऑप्शनल रास्ता से आवाजाही कर सकें। ग्रेटर






नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने एप्रोच रोड का जायजा लिया और इस कार्य को देख रहे वर्क सर्किल-5 की टीम को समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने बताया कि अब तक 50 फीसदी कार्य हो चुका है।

### छह महीने में पूरा होगा काम

शेष कार्य पूरा होने में छह माह का समय लगेगा। हिंडन पर पुल का निर्माण ब्रिज कार्पोरेशन की निगरानी में चल रहा है। पुल तैयार होने में इतना ही समय लगने की उम्मीद है, तब तक नोएडा की तरफ एप्रोच रोड भी बन जाएगी और इस मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बन जाने से नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वालों को एक और ऑप्शनल मार्ग मिल जाएगा। परी चौक पर वाहनों का दबाव भी कम होगा।

## नगर पंचायत अध्यक्ष की दुकान से चोरी करने वाले गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कस्बे में नगर पंचायत अध्यक्ष की दुकान से लाखों रुपये के कॉपर के तार चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का कुछ सामान भी बरामद किया है। दोनों आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। दनकौर कस्बे की वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष राजवती देवी की बस अड्डा रोड पर इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान है। उनके बेटे दीपक कुमार ने बताया कि 11 जनवरी की रात आरोपियों ने दुकान की छत पर चढ़कर ग्रिल काटी और अंदर से लाखों रुपये के कॉपर के तार चुरा लिए थे। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मंगलवार रात ननुआ का राजपुर गांव के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे हैं, जिन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष की दुकान में चोरी की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे। घेराबंदी कर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# नोएडा : युवराज की मौत के बाद रोड सेफ्टी पर एक्शन

## 65 ब्लैक स्पॉट चिह्नित, 50 पाइंट पर डेवलपर करेगा काम, ड्रेनेज सिस्टम का होगा सर्वे




एजेंसी

**नोएडा।** युवराज की दर्दनाक मौत के बाद नोएडा प्राधिकरण अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। शहर में रोड सेफ्टी की पोल खोलने वाली इस घटना के बाद प्राधिकरण ने ऐसे प्लाट जो सड़क किनारे है। जिनमें वॉटर लॉगिंग या बेसमेंट खुदे है। सेफ्टी फीचर नहीं है। ऐसे 65 स्थान चिह्नित किए। जहां बुनियादी रोड सेफ्टी फीचर मौजूद नहीं हैं। इन पॉइंट्स को गंभीर मानते हुए प्राधिकरण ने तय समय में सुधार कराने का फैसला लिया है।

### 50 पॉइंट डेवलपर्स के, अब नहीं मिलेगी ढील

प्राधिकरण के सर्वे में सामने आया कि चिह्नित 65 रोड सेफ्टी पॉइंट्स में से 50 सीधे तौर पर निजी डेवलपर्स से जुड़े हुए हैं। इन स्थानों पर न तो बैरिकेडिंग है, न चेतावनी संकेतक, न रिफ्लेक्टर और न ही सुरक्षा मानकों के अनुरूप रोड डिजाइन है। प्राधिकरण ने इन सभी डेवलपर्स को 3 से 5 दिन का समय देगा। इनको नोटिस जारी करेगा।

**20 गांवों में सुधरेगा ड्रेनेज सिस्टम, 7 को मिली मंजूरी**

युवराज की मौत के बाद सिर्फ सड़कों ही नहीं, बल्कि जलभराव और ड्रेनेज सिस्टम को लेकर भी प्राधिकरण हरकत में आ गया है। शहर के 20 गांवों में संपवेल और ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने की योजना बनाई गई है। इनमें से 7 गांवों के प्रोजेक्ट को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है, जबकि बाकी पर प्रक्रिया चल रही है। प्राधिकरण का मानना है कि जलभराव ही कई हादसों की बड़ी वजह बनता है।

**पूरे शहर का ड्रेनेज सर्वे होगा, खामियां होंगी चिह्नित**

प्राधिकरण ने यह भी फैसला लिया है कि पूरे नोएडा शहर का व्यापक ड्रेनेज सर्वे कराया जाएगा। इस सर्वे में कमजोर ड्रेनेज पॉइंट्स, ओवरफ्लो जोन और जलभराव वाले इलाकों की पहचान की जाएगी ।अधिकारियों का कहना है कि अब हादसों के बाद नहीं, बल्कि पहले ही खतरे को पहचान कर काम किया जाएगा।

इस दौरान अगर रोड सेफ्टी के जरूरी काम पूरे नहीं किए गए तो संबंधित डेवलपर्स पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

### 15 स्थानों पर प्राधिकरण खुद करेगा रोड सेफ्टी सुधार

सर्वे के दौरान 15 ऐसे पॉइंट भी सामने आए हैं, जहां रोड सेफ्टी की जिम्मेदारी सीधे नोएडा प्राधिकरण की है।

इन स्थानों पर सुरक्षा रेलिंग, साइनेज, रोड मार्किंग, स्ट्रीट लाइट और अन्य जरूरी इंतजाम खुद प्राधिकरण कराएगा। इन कामों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

# शार्ट न्यूज

## सुरक्षा गार्ड पर हमला, 2 पर केस

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित सुपरटेक अपकंट्री सोसायटी में सुरक्षा गार्ड पर हमले के आरोप में दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह घटना करीब पांच दिन पहले हुई थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। पुलिस ने बुधवार को सुरक्षा सुपरवाइजर की शिकायत पर कार्रवाई की है। सोसायटी के सुरक्षा सुपरवाइजर मोहित कुमार (निवासी मुतैना गांव) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 जनवरी की देर रात बुलंदशहर निवासी गार्ड बिट्टू कुमार गेट नंबर 1 पर ड्यूटी पर थे। इसी दौरान स्कूटी पर सवार दो युवक सोसायटी में जबरन घुसने का प्रयास कर रहे थे। जब गार्ड ने उनसे पहचान पत्र दिखाने को कहा, तो आरोपी गुस्सा हो गए और उन्होंने गार्ड पर डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में गार्ड बिट्टू कुमार के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। मारपीट की यह पूरी घटना सोसायटी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। गार्ड बिट्टू कुमार ने एक आरोपी की पहचान सलारपुर निवासी अश्वनी कुमार के रूप में की है, जबकि दूसरा युवक अभी अज्ञात है।

## ग्रेटर नोएडा में कुएं में गोवंश गिरा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के नवादा गांव के जंगल में बुधवार को एक गोवंश गहरे कुएं में गिर गया। स्थानीय गौरक्षकों और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलते ही स्थानीय गौरक्षक और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कुएं की गहराई और संकरेपन को देखते हुए तुरंत जेसीबी मशीन मंगवाई गई। कड़ी मशक्कत के बाद गोवंश को सकुशल कुएं से बाहर निकाला जा सका। इस बचाव अभियान में गौरक्षक विकास, विपिन गिरी, आशीष समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। गौरक्षक त्रिलोक गुर्जर ने बताया कि जंगल और खेतों में बने खुले कुएं गोवंशों के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पहले भी कई बार गोवंश खुले और गहरे कुओं में गिर चुके हैं। त्रिलोक गुर्जर ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार अपील के बावजूद लोग न तो कुओं को ढक रहे हैं और न ही उन्हें मिट्टी से भरवा रहे हैं। यह लापरवाही किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। गौरक्षकों ने शासन और प्रशासन से खुले कुओं को तत्काल बंद कराने की मांग की है।

## ग्रेटर नोएडा में शोरूम से 5 लाख का सामान चोरी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर कस्बे में एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम से करीब 5 लाख रुपये का सामान चोरी हो गया। अज्ञात चोरों ने शोरूम की छत तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। यह घटना बिलासपुर पुलिस चौकी से मात्र 300 मीटर की दूरी पर हुई है। बिलासपुर निवासी सुशील का कस्बे में इलेक्ट्रॉनिक शोरूम है। मंगलवार रात वे दुकान बंद कर घर गए थे। बुधवार सुबह जब वे दुकान पहुंचे, तो उन्होंने अंदर सामान बिखरा हुआ और छत टूटी हुई पाई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि चोर शोरूम से लगभग 5 लाख रुपये के मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले गए हैं। चोरों ने शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे की डिजिटल रिकॉर्डिंग वीडियो भी अपने साथ ले गए। पीड़ित दुकानदार ने तत्काल बिलासपुर पुलिस चौकी और दनकौर कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

## वाहन चालान का लिंक भेजे प्रोफेसर से ठगी

**ग्रेटर नोएडा।** साइबर ठग लोगों को अपना शिकार बनाने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। वे अब वाहन का चालान जमा कराने लिए लिंक भेजकर लोगों से जालसाजी कर रहे हैं। इसी तरीके का इस्तेमाल कर उन्होंने सेक्टर बीटा-1 निवासी प्रोफेसर से 48 हजार रुपये ऐंठ लिए। इससे पहले महिला डॉक्टर से इसी तरह ठगी हुई थी। सेक्टर बीटा-1 में रहने वाले प्रोफेसर डॉ. सुब्रत कुमार पांडा ने सेक्टर बीटा-2 कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया कि उनके मोबाइल पर 24 दिसंबर 2025 को एक एसएमएस आया, जिसमें एक पेंडिंग ट्रैफिक चालान की जानकारी दी गई थी। एसएमएस में एक लिंक भी था, जिसे खोलने पर परिवहन विभाग की जैसी साइट दिखाई दी ।लिंक खोलने पर उसमें एक हजार रुपये का चालान दर्शाया गया। प्रोफेसर ने परिवहन विभाग की बेवसाइट समझकर चालान का भुगतान किया। इस बीच उनके एक क्रेडिट कार्ड से 48 हजार 61 रुपये कटने का मैसेज मिला। उन्होंने तुरंत बैंक में फोन कर कार्ड ब्लॉक करवा दिया। साथ ही, अपने साथ हुई ठगी की भी जानकारी दी। उन्होंने साइबर सेल में भी अपनी शिकायत दर्ज कराई।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आखिरी मौका

**ग्रेटर नोएडा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने या संशोधित कराने का रविवार को आखिरी मौका है। चुनाव आयोग की ओर से नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के अनुसार कई इलाकों में अपेक्षित संख्या में आवेदन नहीं आए, जबकि प्रशासन पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि तय समय में सीमा के बाद नए नाम जोड़ने या संशोधन की प्रक्रिया बंद हो जाएगी। इसके बाद भी मतदाताओं की उदासीनता साफ देखी जा सकती है। वहीं, दूसरी तरफ सर्वर धीमा होने और बीच-बीच में बंद होने की वजह से फॉर्म अपडेट करने और एसआईआर की प्रक्रिया को पूरा करने में बीएलओ को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ।तकनीकी समस्याओं के कारण फॉर्म जमा करने में विलंब हो रहा है। यह समस्या न केवल बीएलओ के काम में रुकावट डाल रही है, बल्कि चुनाव आयोग की निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी करने में भी मुश्किलें आ रही हैं।


# उन्नाव में महिला शिक्षामित्र की गोली मारकर हत्या

## बेटी ने बताया- मां के चिल्लाने की आवाज सुनी, जगाने लगी, तो चारों ओर खून फैला था

**उन्नाव।** उन्नाव में महिला शिक्षामित्र की घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात देर रात 1 बजे हुई। महिला कमरे में अकेले सो रही थी। पति घर के बाहर जबकि बेटी घर के अंदर सो रही थी। घटना के समय पूरा परिवार घर में सो रहा था।

गोली चलने की आवाज आई तो परिवार और पड़ोसी भागकर मौके पर पहुंचे। वहां महिला श्रीकांति (40) की खून से लथपथ लाश चारपाई पर पड़ी थी। सीने में गोली लगी हुई थी।

पुलिस मौके पर पहुंची। शिक्षामित्र की 13 साल की बेटी रिया का कहना है कि घर के दरवाजे खुले थे। जब हम




कमरे में पहुंचे तो वहां कोई नहीं था। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम को कमरे में काले धब्बों का निशान मिला है। घटना जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर असोहा थाने के गोकुलपुर गांव की है।

### 14 साल से शिक्षामित्र थी

गोकुलपुर की रहने वाली श्रीकांति गोकुलपुर प्राथमिक विद्यालय में 14 सालों से शिक्षामित्र के पद पर तैनात थीं।

परिवार में पति ओमकार पासी, 15 साल का बेटा रौनक और 13 साल की बेटी रिया है। श्रीकांति रात करीब एक बजे घर में सो रही था। बेटी दूसरे कमरे में थी। बेटा रौनक अपने मामा के यहां अचलगंज कोरारी में रहकर पढ़ाई करता था। घटना की सूचना के बाद सुबह घर पहुंचा।

## वाराणसी रिश्वतखोर दरोगा को दबोचा, सिपाही रुपए लेकर भागा

**वाराणसी।** वाराणसी में दरोगा शिवाकर मिश्रा और उसके खास सिपाही गौरव कुमार को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है। दरोगा ने दहेज उत्पीड़न के केस में आरोपी युवक का नाम हटाने के लिए 50 हजार रुपए मांगे थे। दरोगा शिवाकर मिश्रा कई दिनों से रिश्वत देने का दबाव बना रहा था। उसने रिश्वत नहीं देने पर चार्जशीट में नाम डालने और जेल भेजने की धमकी दी थी। बुधवार को एंटी करप्शन टीम पहुंची तो सिपाही रिश्वत के रुपए लेकर भागा, हालांकि बाद में वह पकड़ा गया। पूछताछ में बताया कि उसने दरोगा के कहने पर रुपए लिए थे। दोनों आरोपियों को लालपुर पांडेयपुर थाने ले जाया गया। जहां पूछताछ चल रही है। एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर नीरज कुमार की शिकायत पर थाने में दरोगा-सिपाही के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

# पति ने पत्नी के मुंह में चाकू मारकर हत्या की

**मेरठ में अफेयर का शक करता था, सीने पर बैठकर ताबड़तोड़ वार किए**

**मेरठ।** मेरठ में एक पति ने पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। उसने सबसे पहला वार गर्दन पर किया। इसके बाद दूसरा चाकू मुंह के अंदर मारा।

महिला जैसे ही घायल होकर गिरी। युवक उसके ऊपर बैठ गया। महिला के सीने और पेट पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। महिला की मौत होते ही आरोपी वहां से फरार हो गया।

पुलिस के मुताबिक, पति अपनी पत्नी पर अवैध संबंध को लेकर शक करता था। बीते 11 महीने से दोनों के बीच झगड़ा चल रहा था। पत्नी अपने 6 बच्चों के साथ किराए पर कमरा लेकर अलग रहती थी। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सोमवार रात साढ़े 8 बजे मेडिकल थानाक्षेत्र की है।

### अब पूरा मामला विस्तार से पढ़िए

लिसाड़ी गेट के श्याम नगर की रहने वाली समीना की शादी 19 साल पहले गोकुलपुर निवासी वकील के साथ हुई थी। दोनों को 6 बच्चे हैं। सबसे बड़ी लड़की खुशी (16), छोटा लड़का इमरान (14), बेटी फिजा (12), बेटी परी (10), बेटी पप्पो (8) और सबसे छोटी जैनब (5) है। वकील ट्रक चालक है। उसका बीते कुछ समय से पत्नी से लगातार विवाद चल रहा था। वकील समीना पर कई बार अवैध संबंधों का भी आरोप लगा चुका था।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह : ग्राम गुड़ा में यातायात जागरूकता अभियान, चलाया



**ललितपुर।** सौजना पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में थाना सौजना पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत जनता के लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व, यातायात नियमों का पालन, पैदल और वाहन चालकों की जिम्मेदारियां, तथा सुरक्षित ड्राइविंग नियमों के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही पुलिस ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट और ट्रैफिक नियमों का पालन जैसी बातों पर विशेष जोर दिया। इस पहल का उद्देश्य है कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली हानियों और मृत्यु दर को कम करना तथा युवा पीढ़ी में सुरक्षित यातायात और जिम्मेदार ड्राइविंग की जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान लोगो द्वारा सक्रिय रूप से भाग लिया और पुलिस अधिकारियों से सड़क सुरक्षा सम्बंधी सवाल भी पूछे गये।

## अलीगढ़ में 740 बैंककर्मियों ने की हड़ताल

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर मंगलवार को सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों के कर्मचारी और अधिकारी देशव्यापी हड़ताल पर रहे। बिगड़ते मौसम और बारिश के बावजूद अलीगढ़ इकाई के धरना स्थल पर करीब 740 कर्मचारियों की मौजूदगी दर्ज की गई। बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त बैंककर्मी भी आंदोलन में शामिल होकर समर्थन जताते नजर आए। हड़ताल का असर जिलेभर की बैंकिंग सेवाओं पर साफ दिखाई दिया। विभिन्न बैंकों में नकद लेनदेन, चेक क्लीयरेंस, लोन प्रक्रिया और अन्य वित्तीय कार्य ठप रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति व 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की बैठक सम्पन्न

▸ 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक व अन्त्योदय कार्डधारक अनिवार्य रूप से बनवाएं आयुष्मान कार्ड

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जननी सुरक्षा योजना, संस्थागत प्रसव, आशा भुगतान, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयरन-फोलिक एसिड वितरण, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थिति एवं राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों तथा अन्त्योदय राशन कार्डधारकों के आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजना से वंचित न रहने दिया जाए।मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आलोक कुमार ने बताया कि पूरनपुर, अमरिया, बिलसण्डा, बरखेड़ा, बीसलपुर एवं न्यूरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा जिला अस्पताल में आयुष्मान मित्र तैनात हैं।

इनके माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिला अस्पताल में पुरुष लाभार्थी कमरा संख्या-04 तथा महिला लाभार्थी कमरा संख्या-19 में आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए आधार कार्ड तथा अन्त्योदय कार्डधारकों के लिए अन्त्योदय राशन कार्ड लाना अनिवार्य बताया गया। दिव्यांगजन सोमवार को बनवाएं प्रमाण पत्र जिलाधिकारी ने बताया कि जिला अस्पताल में प्रत्येक सोमवार को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाते हैं। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, ट्राइसाइकिल एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र आवश्यक है।

# गुड टच व बैड टच के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** जनपद स्तर पर चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह की घटनाओं को रोकना, आपरेशन रक्षा अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी कालू सिंह के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकार यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिग (AHT) जनपद ललितपुर थाना प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर थाना ए0एच0टी0,




उ. नि. मंसूर अंसारी, म0का0 कल्पना बाजपेयी, तथा थाना तालबेहट ललितपुर से मिशन शक्ति प्रभारी मय टीम द्वारा थाना तालबेहट ललितपुर क्षेत्र के होटलो व कस्बा तालबेहट में आपरेशन रक्षा व बाल विवाह रोकथाम के सम्बन्ध में व्यापक रुप से अभियान चलाया गया ।तथा अवगत कराया गया कि किसी भी लडकी का 18 वर्ष से कम व लडके का 21 वर्ष से कम उम्र विवाह करना कानूनी अपराध है।

जिसमें बालक/बालिकाओ को बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभाव तथा समस्त लाभकारी योजनाओं, आत्मरक्षा एवं गुड टच, बैड टच, और बच्चों के प्रति शोषण आदि के बारें में व्यापक प्रचार प्रसार किया गया । होटलो में महिला सशक्तिकरण के तहत मानव तस्करी के सम्बन्ध में आपरेशन रक्षा के तहत सर्च अभियान चलाया गया ।

## रिटायर्ड सिस्टम मैनेजर की हार्ट अटैक से मौत

**अनूपशहर।** नगर में बुधवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 80 वर्षीय सेवानिवृत्त सिस्टम मैनेजर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जारजपुर निवासी हरिओम शर्मा बुधवार की सुबह रोजाना की तरह दूध लेने घर से निकले थे। दूध लेकर जब वह वापस कस्बा स्थित अपने घर की ओर लौट रहे थे। नगर पालिका गेट के पास अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे लड़खड़ाते हुए सड़क पर गिर पड़े।घटना के समय मौके पर मौजूद दुकानदार विकास मिश्रा ने तुरंत उन्हें संभाला और अपनी दुकान की कुर्सी पर बैठाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुर्सी पर बैठते ही हरिओम शर्मा की हालत और ज्यादा बिगड़ गई तथा कुछ ही क्षणों में वे बेहोश हो गए। स्थिति गंभीर देख विकास मिश्रा ने मानवता दिखाते हुए उन्हें सीपीआर देने का प्रयास किया, लेकिन बावजूद इसके उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद विकास मिश्रा ने तुरंत उनके अधिवक्ता भतीजे जयप्रकाश शर्मा को फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही जयप्रकाश शर्मा के जूनियर अधिवक्ता मौके पर पहुंचे। आसपास मौजूद दुकानदारों की मदद से हरिओम शर्मा को ई-रिक्शा के माध्यम से सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# वरिष्ठ पत्रकार कुन्दन पाल की माताजी के निधन पर प्रेस क्लब दी श्रद्धांजलि



**ललितपुर।** प्रेस क्लब के सदस्य, वरिष्ठ पत्रकार एवं पार्षद कुन्दन पाल की पूज्यनीय माता जी के निधन पर प्रेस क्लब ने गहरा शोक व्यक्त किया है। बुधवार को अमर शहीद पं. गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित हुई। जहां उपस्थित पत्रकार बंधुओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। तत्पश्चात सभी पत्रकारगण उनके आवास पर पहुंचे, जहां पत्रकार कुन्दन पाल एवं उनके परिवारजनों को शोक पत्र सौंपते हुए ढांढस बंधाया। इस दौरान प्रेस क्लब के सरंक्षक पवन संज्ञा, मंजीत सिंह सलूजा, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली, राहुल चौबे, अभय श्रीमाली, बृजेश पंथ, हरीशंकर अहिरवार, अजय तोमर, शिब्बू राठौर, संजू श्रोती, बलराम पचौरी, अशोक तिवारी, अनूप सेन, सुनील जैन, शुभम् पस्तोर, सुमित रैकवार, अमित संज्ञा, निहाल सेन पटना, आशीष तिवारी, राहुल साहू खिरिया, कृष्णकांत सोनी, प्रदीप रिछारिया सहित अनेक प्रेस क्लब सदस्य मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई

**ललितपुर।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अभियुक्त मंजू मिश्रा पुत्र हरचरन मिश्रा नि0 ग्राम गौना थाना सौजना जनपद ललितपुर के विरूद्ध थाना मड़ावरा में मु0अ0सं0 227/2018 धारा 323/504/506 भादवि व 3(1)द.ध. SC/ST ACT का अभियोग पंजीकृत हुआ था, जिसमें वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्त मंजू मिश्रा उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था।

# ललितपुर पुलिस ने चलाया मिशन शक्ति अभियान

## महिलाओं, बालिकाओं को अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी

**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी



अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। 112 आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्प लाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन मिशन शक्ति की टीमों द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

# एसएसपी के सीनियर अकाउंटेंट को 5 साल की जेल

## 1 लाख का जुर्माना; 4 हजार की रिश्वत मांगी थी, लखनऊ सीबीआई कोर्ट ने दोषी माना

लखनऊ। लखनऊ की सीबीआई स्पेशल कोर्ट ने सशस्त्र सीमा बल में तैनात रहे सीनियर अकाउंटेंट को रिश्वतखोरी के मामले में कड़ी सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष का कठोर कारावास और एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह मामला बिल पास कराने के नाम पर रिश्वत मांगने से जुड़ा है, जिसकी शिकायत एक कांस्टेबल ने की थी।

सीबीआई के अनुसार, दोषी ठहराए गए रामनिवास वर्मा सशस्त्र सीमा बल के जोनल पे एंड अकाउंट



ऑफिस, अलीगंज (लखनऊ) में सीनियर अकाउंटेंट के पद पर तैनात थे। आरोप है कि उन्होंने एसएसबी की तृतीय बटालियन, लखीमपुर खीरी में तैनात एक कांस्टेबल से उसके बिल और भत्ते पास कराने के बदले चार हजार रुपए की अवैध मांग की थी। पीड़ित कांस्टेबल ने इस संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

### सीबीआई ने 2 जुलाई 2018 को दर्ज किया था मामला

कांस्टेबल की शिकायत को एसएसबी मुख्यालय, नई दिल्ली के चीफ विजिलेंस ऑफिसर ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को भेजा था। इसके आधार पर सीबीआई ने 2 जुलाई 2018 को रामनिवास वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।

### चार्जशीट और ट्रायल के बाद दोष सिद्ध

जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 31 अगस्त 2018 को अदालत में चार्जशीट दाखिल की। इसके बाद 24 मई 2019 को आरोपी के खिलाफ आरोप तय किए गए। मामले की सुनवाई के दौरान सीबीआई ने गवाहों और साक्ष्यों के माध्यम से रिश्वत मांगने के आरोप को साबित किया। लंबे ट्रायल के बाद लखनऊ की सीबीआई स्पेशल कोर्ट ने आरोपी रामनिवास वर्मा को दोषी करार दिया।

# बाग में नवजात का मिला शव

## कपड़े में लिपटा था, ठंड से मौत की आशंका, जांच जारी

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के देनवा गांव में एक नवजात शिशु का शव एक बाग में मिला है। आशंका है कि ठंड लगने से उसकी मौत हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर देनवा स्थित बाग में कपड़े में लिपटा नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। दोपहर करीब दो बजे ग्रामीणों ने सबसे पहले इसे देखा, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक प्रमोद मिश्रा, कांस्टेबल रोहित सिंह और अमित यादव के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने जांच में पाया कि नवजात शिशु लगभग दो दिन का था और उसकी मौत हो चुकी थी। उपनिरीक्षक प्रमोद मिश्रा ने बताया कि मृत शिशु लड़का था।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले की गंभीरता से जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

# शार्ट न्यूज

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो हुए घायल

**पीलीभीत।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर प्राथमिक उपचार किया बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव ग झाड़ा निवासी इरफान पुत्र सकूर अहमद बीसलपुर किसी काम से आ रहा था वह जैसे ही बीसलपुर गुजरौला मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग के निकट मार्ग पर फिसलनहोने के कारण उसकी वाइफ फिसल गई जिससे वह मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया इसके अलावा बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रोहनिया निवासी जय सिंह पुत्र हरपाल अपनी बहन को उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा था वह जैसे ही बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग स्थित गांव रोहनिया के निकट मस्जिद के पास मार्ग पर बने गड्ढे को बचाने के प्रयास में उसकी बाइक मार्ग पर गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया मामले की सूचना 108 एम्बुलेंस को दी गई सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया दोनों घायलों का इलाज जारी हैं।

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन अवैध तमंचा व तीन अवैध कारतूस बरामद किया।पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 01- नितिन चन्देल उर्फ रुद्र पुत्र राकेश सिंह उम्र करीब 23 वर्ष नि0 मु0 मीरानगर थाना मुरार जनपद ग्वालियर म.प्र. हाल निवासी मु0 गाँधीनगर नई बस्ती थाना कोतवाली जनपद ललितपुर के कब्जे से एक देशी तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर, 02- चमन पुत्र सेठपाल सिंह चौहान उम्र करीब 22 वर्ष नि0ग्राम शेरपुर चिरकुटी थाना जलालाबाद जिला शाहजहांपुर हाल नि0मु0 गाँधीनगर नई बस्ती थाना कोतवाली जनपद ललितपुर के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा 03- शोभित बाल्मिकी पुत्र मनोज बाल्मिकी उम्र करीब 22 वर्ष नि0मु0 गाँधीनगर नई बस्ती थाना कोतवाली ललितपुर के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक कारतूस 12 बोर बरामद किये गये ।

## मथुरा में जमीन विवाद पर पथराव

**मथुरा।** मथुरा के यमुना पार क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। लक्ष्मी नगर इलाके में हुई इस घटना में दोनों ओर से जमकर पथराव किया गया, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। इस झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेंसवा निवासी नवीन पुत्र मुनिया ने आरोप लगाया है कि उसके साले अफसर खान ने उसे एक जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने के बहाने मथुरा बुलाया था। नवीन के मुताबिक, मथुरा पहुंचने पर उसके साले अफसर अली, समीना, कल्लू और मुन्ना ने उसे एक कमरे में बंद कर मारपीट की। आरोपियों ने नवीन पर उसके नाम दर्ज जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसके साथ गंभीर मारपीट की गई। नवीन ने किसी तरह वहां से बचकर अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद दोनों पक्ष अंबेडकर नगर क्षेत्र में आमने-सामने आ गए। बातचीत के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने अचानक पथराव शुरू कर दिया। जवाब में दूसरे पक्ष ने भी पत्थरबाजी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई और लोग अपने घरों में दुबक गए।

## भू-माफियाओं पर पीडीए का बुलडोजर एक्शन

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने बुधवार को झूंसी क्षेत्र के तेन्दुई और सरपतीपुर में भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की। प्राधिकरण ने लगभग 16 बीघा जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई जोनल अधिकारी के नेतृत्व में जोन-05 की प्रवर्तन टीम ने की। पुलिस बल के साथ टीम झूंसी और सरायइनायत क्षेत्र पहुंची और चिन्हित अवैध प्लाटिंग पर एक के बाद एक कार्रवाई की। तेन्दुई, सरायइनायत में अभिषेक सिंह और उनके सहयोगियों द्वारा लगभग 7 बीघा जमीन पर की जा रही अवैध कॉलोनाइजिंग को ध्वस्त किया गया। इसमें बनाई गई सड़कें और बाउंड्रीवॉल शामिल थीं। सरपतीपुर, झूंसी में दीपक मिश्रा और अन्य द्वारा लगभग 5 बीघा क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर भी बुलडोजर चलाया गया। इसी तरह, सरपतीपुर, झूंसी में उदय प्रताप श्रीवास्तव उर्फ विधायक द्वारा करीब 4 बीघा जमीन पर किए गए अवैध कब्जे और प्लाटिंग को भी तोड़ा गया। पीडीए टीम ने अवैध भवन निर्माण पर भी कार्रवाई की।

## शामली में भीषण सड़क हादसा, एक की मौत

**शामली।** शामली के झिंझाना में मेरठ-करनाल हाईवे पर बुधवार शाम एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना बाईपास गोल चक्कर के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने थ्री-व्हीलर को टक्कर मार दी। शामली की ओर से आ रहे थ्री-व्हीलर में ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग सड़क पर गिर गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। हादसे में झिंझाना निवासी 25 वर्षीय शोएब पुत्र नफीस की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों में थ्री-व्हीलर चालक शाहनवाज (पुत्र यामीन, निवासी गुज्जरपुर), वसीम (पुत्र खलील, निवासी झिंझाना) और प्रीति चौहान (निवासी रजाकनगर) शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक शोएब अपने आठ भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था।

## कबाड़ बीन रहे बच्चे पर तेजाब हमला

**कन्नौज।** कन्नौज जिले के गुरसहायगंज क्षेत्र के समधन कस्बे में बुधवार को एक बच्चे पर तेजाब फेंक दिया गया। कबाड़ बीन रहे बच्चे का चेहरा और शरीर बुरी तरह झुलस गया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, गुरसहायगंज के गांधीनगर मोहल्ला निवासी सोनू नट का पुत्र बाबू नट (10) अपने साथी अभिषेक नट के साथ बुधवार को समधन के दारासराय मोहल्ले में कबाड़ बीनने गया था। इसी दौरान चार युवक वहां पहुंचे और कबाड़ उठाने को लेकर उन्हें डांटने लगे। आरोप है कि एक युवक ने बाबू के चेहरे पर तेजाब फेंक दिया। तेजाब पड़ते ही बाबू गंभीर रूप से झुलस गया। घटना से भयभीत होकर उसका साथी अभिषेक वहां से भाग गया। कुछ देर बाद अभिषेक वापस लौटा और गंभीर रूप से घायल बाबू नट को टेंपो में लादकर कोतवाली लेकर पहुंचा। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल बच्चे को इलाज के लिए गुरसहायगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बागपत में ट्रक की टक्कर से बच्ची की मौत

**बागपत।** बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार 6 वर्षीय बच्ची शिवांशी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो पुरुष और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना गन्ना मिल के समीप हुई। कालूराम पुत्र बलराम, भूषण पुत्र सोहनवीर, रानी पत्नी भूषण और भूषण की 6 वर्षीय बेटी शिवांशी एक ही बाइक पर सवार होकर बागपत में कपड़े खरीदने आए थे। वे खरीदारी के बाद वापस लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और क्षतिग्रस्त बाइक को सड़क किनारे कराया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। शिवांशी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि एंबुलेंस को घटनास्थल पर पहुंचने में काफी देरी हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंगापुर में डॉक्टर बनने का सपना देखने वालों के लिए खुशखबरी

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर में डॉक्टर बनने का सपना देखने वाले छात्रों के लिए अच्छी खबर है। अब वे भारत की मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन समेत आठ और विदेशी संस्थानों में पढ़ाई कर सकते हैं। सिंगापुर सरकार ने बढ़ती उम्र की आबादी और डॉक्टरों की जरूरत को देखते हुए इन यूनिवर्सिटीज की डिग्री को मान्यता देने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय और सिंगापुर मेडिकल काउंसिल (एसएमसी) ने मंगलवार को एक साझा बयान में यह जानकारी दी। इस फैसले के बाद एक फरवरी 2026 से सिंगापुर में मान्यता प्राप्त विदेशी मेडिकल स्कूलों की संख्या 112 से बढ़कर 120 हो जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि उसने मेडिकल रजिस्ट्रेशन एक्ट 1997 की दूसरी अनुसूची में आठ मेडिकल स्कूलों को जोड़ने के लिए एसएमसी की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। मणिपाल के अलावा इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया की एडिलेड यूनिवर्सिटी, आयरलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ गॉलवे, मलेशिया की यूनिवर्सिटी साइंस मलेशिया, पाकिस्तान का आगा खान यूनिवर्सिटी मेडिकल कॉलेज, चीन की शिन्हुआ यूनिवर्सिटी, ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर और सिटी सेंट जॉर्ज (यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन) शामिल हैं।

### मिनियापोलिस से हट सकते हैं बॉर्डर पेट्रोल कमांडर बोविनो

**मिनियापोलिस , एजेंसी।** मिनियापोलिस में तैनात वरिष्ठ बॉर्डर पेट्रोल कमांडर ग्रेग बोविनो और कुछ अन्य एजेंट जल्द ही शहर छोड़ सकते हैं। मामले से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, यह वापसी मंगलवार से शुरू हो सकती है। हालांकि आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। बोविनो, ट्रंप प्रशासन के दौरान देशभर में चलाए गए आक्रामक इमिग्रेशन अभियानों का प्रमुख चेहरा रहे हैं। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टॉम होमन को मिनेसोटा भेजा है, जो अब वहां ढ्ढष्टश्व (इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट) की कमान संभालेंगे। बोविनो की संभावित वापसी ऐसे समय में सामने आई है, जब बॉर्डर पेट्रोल एजेंट्स द्वारा 37 वर्षीय ढ्ढष्ट नर्स एलेक्स जेफ्री प्रेटी की गोली मारकर हत्या को लेकर भारी आक्रोश है। इस घटना के बाद मिनियापोलिस समेत कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए।

### नेपाल चुनाव से पहले पूर्व राजा ज्ञानेंद्र का मधेश दौरा, जनकपुर में पूजा कर दिखाया शक्ति प्रदर्शन

**जनकपुर , एजेंसी।** नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह ने मार्च में होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव से पहले मधेश क्षेत्र में तीर्थयात्रा की शुरुआत की है। सोमवार को उन्होंने जनकपुर स्थित जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना की, जहां बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। जनकपुर पहुंचने पर ज्ञानेंद्र शाह का जोरदार स्वागत हुआ। उनके साथ परिवार के सदस्य और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के कार्यकर्ता भी थे, जो राजशाही समर्थक नारे लगा रहे थे। जानकी मंदिर के बाद शाह ने लगभग आधा किलोमीटर पैदल चलकर राम मंदिर और कालादेवी मंदिर में भी दर्शन किए। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब नेपाल पिछले साल हुए जेन जेड आंदोलनों के बाद राजनीतिक संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। पूजा के दौरान जब उनसे राजनीतिक संदेश के बारे में पूछा गया, तो ज्ञानेंद्र शाह ने कहा भगवान के स्थान पर भगवान की ही बात होनी चाहिए, बाकी किसी विषय पर नहीं। इस दौरे के साथ ही एक और विवाद सामने आया है। हाल के दिनों में ज्ञानेंद्र शाह के लिए फिर से शाही उपाधियों का इस्तेमाल शुरू हो गया है। 21 जनवरी को जारी एक आधिकारिक बयान में उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ संबोधित किया गया, जबकि 2008 में राजशाही खत्म होने के बाद से उन्हें लगातार पूर्व राजा कहा जाता रहा है।

### गुयाना : अमेरिकी प्रत्यर्पण के बावजूद एजरुद्दीन मोहम्मद बने विपक्षी नेता

**जॉर्जटाउन, एजेंसी।** दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना में एजरुद्दीन मोहम्मद, जो सोने की तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में अमेरिकी प्रत्यर्पण का सामना कर रहे हैं, सोमवार को विपक्षी नेता चुने गए। छह महीने पहले उन्होंने वी इन्वेस्ट इन नेशनहुड नामक राजनीतिक दल बनाया था, जो तेजी से देश का दूसरा सबसे बड़ा दल बन गया। 38 वर्षीय मोहम्मद को विपक्षी नेता बनाने के लिए डब्ल्यूआईएन के 16 सांसदों और एक अन्य छोटे दल के सांसद ने मतदान किया। इस वोटिंग के साथ ढ्ढढ्ढह्र संसद में दूसरा सबसे बड़ा दल बन गया। इस बीच, अमेरिकी प्रत्यर्पण मामले की सुनवाई एक मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। मोहम्मद ने कहा एक व्यक्ति निर्दोष है जब तक दोष साबित न हो। मैं इस देश की जनता की सेवा के लिए तैयार हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी राजनीतिक सफलता के कारण उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि, स्पीकर हाउस मन्जूर नादिर ने चुनाव पर चिंता जताई और कहा कि एक भगोड़े को विपक्षी नेता बनाने की प्रक्रिया कठिन स्थिति में है।

# अफ्रीकी युवती ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, पेड़ के गले लगकर 72 घंटे खड़ी रहीं



**नैरोबी, एजेंसी।** केन्या की 22 वर्षीय पर्यावरण कार्यकर्ता ट्रूफेन मुथोनी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कर लिया है। उन्होंने लगातार 72 घंटे तक पेड़ को गले लगाकर 'सबसे लंबी मैराथन ट्री-हगिंग' का विश्व रिकॉर्ड बनाया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार, ट्रूफेन ने यह उपलब्धि 8 दिसंबर से 11 दिसंबर 2025 के बीच हासिल की। उन्होंने न्येरी गवर्नर कार्यालय परिसर में 11 दिसंबर को दोपहर 12:25 बजे अपना रिकॉर्ड पूरा किया।

**ट्रूफेन का उद्देश्य :** जीडब्ल्यूआर की वेबसाइट के मुताबिक, ट्रूफेन ने यह चुनौती स्वदेशी पेड़ों की रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और आदिवासी समुदायों के ज्ञान को सम्मान देने के उद्देश्य से ली थी। उनका मानना है कि जलवायु संकट से निपटने में स्वदेशी ज्ञान की अहम भूमिका है।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने कहा कि इस रिकॉर्ड का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना है, ताकि पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जुनून बन सके।

**दूसरी बार ट्रूफेन को ट्री-हगिंग मैराथन के लिए मान्यता मिली :** यह दूसरी बार है जब ट्रूफेन को ट्री-हगिंग मैराथन के लिए मान्यता मिली है। इससे पहले उन्होंने नैरोबी में 31 जनवरी से 2 फरवरी 2025 के बीच 48 घंटे तक पेड़ को गले लगाकर रिकॉर्ड बनाया था। इस दौरान उन्होंने पिछले रिकॉर्ड को लगभग 24 घंटे से अधिक समय तक पीछे छोड़ दिया था।

**इससे पहले का रिकॉर्ड किसके नाम रहा :** इससे पहले यह रिकॉर्ड घाना के अब्दुल हकीम अवाल के नाम था, जिन्होंने 23 मई 2024 को कुमासी में 24 घंटे 21 मिनट 4 सेकंड तक पेड़ को गले लगाया था। जीडब्ल्यूआर के अनुसार, ट्रूफेन ने इस चुनौती को मानसिक और भावनात्मक लाभों को उजागर करने के लिए भी अपनाया। उन्होंने इसके लिए पांच महीने से अधिक समय तक तैयारी की, जिसमें 42 किलोमीटर की पैदल यात्राएं और 12 घंटे तक पेड़ से लिपटने के अभ्यास शामिल थे। रिकॉर्ड की घोषणा के बाद ट्रूफेन के सोशल मीडिया अकाउंट पर बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। कई लोगों ने इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

**सूडान में सेना ने आरएसएफ का घेरा तोड़ा : खार्तूम, एजेंसी।** सूडान की सेना ने केंद्रीय कोरडोफान क्षेत्र में पैरामिलिट्री बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफस्न) द्वारा डाले गए घेराबंदी को तोड़ दिया। सेना ने दक्षिण कोरडोफान के डिलिंग शहर तक रास्ता खोलकर आरएसएफ को भारी नुकसान पहुंचाया। आरएसएफ और सेना के बीच संघर्ष पिछले तीन वर्षों से जारी है। अप्रैल 2023 में सेना और आरएसएफ के बीच सत्ता संघर्ष ने खुली लड़ाई का रूप ले लिया। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, इस संघर्ष में अब तक 40,000 से अधिक लोगों की जान गई और 14 मिलियन लोग विस्थापित हुए हैं।

**वेनेजुएला: सैकड़ों कैदी अब भी बंद, हाल में दर्जनों रिहा : काराकास, एजेंसी।** वेनेजुएला में पिछले दो दिनों में कई कैदियों को रिहा किया गया, जबकि सैकड़ों राजनीतिक विरोधियों को अभी भी जेल में रखा गया है। यह कदम अमेरिकी दबाव के बीच आया है, जो कार्यवाहक सरकार से बंदियों की रिहाई की मांग कर रहा है। मानवाधिकार समूहों के अनुसार, 8 जनवरी से अब तक 266 राजनीतिक कैदी रिहा किए गए हैं। इनमें एक विपक्षी कार्यकर्ता, एक मानवाधिकार वकील और एक पत्रकारिता छात्र शामिल हैं। हालांकि, कम से कम 600 विरोधी अभी भी जेल में हैं, जिनमें विपक्षी नेता और नोबेल पुरस्कार विजेता मारिया कोरीना मचाडो के पार्टी सदस्य भी शामिल हैं।

## इजराइल ने गाजा से आखिरी बंधक का शव बरामद किया, कब्र खोदकर पुलिस का शव निकाला



**गाजा, एजेंसी।** इजरायल की सेना ने सोमवार को घोषणा की कि गाजा में अंतिम बंधक का शव बरामद कर लिया गया है। बंधकों की खोज के लिए इजराइली सेना कई दिनों से ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान कब्रिस्तान से पुलिस अधिकारी रान गिविली का शव मिला। इसके साथ ही इजराइल और हमास के बीच लागू युद्धविराम के अगले चरण की प्रक्रिया आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है।

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गिविली 7 अक्टूबर 2023 को हमास के नेतृत्व वाले हमले में मारे गए थे, जिसने युद्ध की शुरुआत की थी। गिविली उन पहले लोगों में शामिल थे, जिन्हें गाजा ले जाया गया था। सभी बंधकों को वापस लाने का वादा पूरा किया गया है।

गिविली के परिवार ने पहले सरकार से अपील की थी कि उनके शव की बरामदगी से पहले युद्धविराम के दूसरे चरण में प्रवेश न किया जाए। हमास ने कहा है कि वह युद्धविराम के पहले चरण की सभी शर्तों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि आखिरी बंधक के शव की वापसी मध्य पूर्व में शांति की दिशा में अहम कदम है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा कि यह अमेरिका, इजरायल और पूरी दुनिया के लिए बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि है। इससे मध्य-पूर्व में शांति की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि गाजा के पुनर्निर्माण के संबंध में नवगठित शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए 20 से अधिक नए देशों ने भी हस्ताक्षर किए हैं, जो राष्ट्रपति के लिए एक और ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## ओरेगन की वोटर लिस्ट मांगने वाला न्याय विभाग का मुकदमा अदालत ने किया खारिज

**सालेम, एजेंसी।** ओरेगन में एक संघीय जज ने सोमवार को न्याय विभाग के उस मुकदमे को खारिज कर दिया, जिसमें ओरेगन की बिना संपादित की हुई वोटर लिस्ट मांगी गई थी। यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की राज्यों से विस्तृत वोटर डेटा हासिल करने की कोशिशों को एक और झटका है। सुनवाई के दौरान अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज मुस्तफा कसुभाई ने मामले को खारिज कर दिया।

ओरेगन के अटॉर्नी जनरल डैन रेफील्ड ने इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने एक ईमेल बयान में कहा, 'अदालत ने इस मामले को खारिज कर दिया क्योंकि संघीय सरकार ने इन रिकॉर्ड को हासिल करने के लिए कानूनी मानक को कभी पूरा नहीं किया। ओरेगन के लोगों को यह जानने का हक है कि वोटिंग कानूनों का इस्तेमाल उनकी निजी जानकारी हथियाने के लिए पिछले दरवाजे के तौर पर नहीं किया जा सकता।'

न्याय विभाग ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अदालत ने ये फैसला तब दिया है, जब अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने शनिवार को गवर्नर टिम वाल्ज को एक पत्र भेजा, उसी दिन संघीय इमिग्रेशन एजेंटों ने मिनियापोलिस में 37 वर्षीय एलेक्स प्रेटी को गोली मारकर हत्या कर दी। प्रेटी, ट्रंप सरकार के सख्त आव्रजन नियमों का विरोध कर रहा था।

अपने पत्र में, बोंडी ने डेमोक्रेटिक गवर्नर से इमिग्रेशन अधिकारियों का समर्थन करने के लिए कहा और कानून और व्यवस्था वापस लाने में मदद करने के लिए तीन कदम उठाने की मांग की- जिसमें न्याय विभाग को वोटर लिस्ट तक पहुंचने की क्षमता देना शामिल है ताकि यह पुष्टि की जा सके कि मिनेसोटा की वोटर रजिस्ट्रेशन प्रक्रियाएं संघीय कानून का पालन करती हैं या नहीं। बोंडी ने राज्य के मेडिकेड और खाद्य सहायता कार्यक्रमों के रिकॉर्ड और अभयारण्य नीतियों को रद्द करने के लिए भी कहा, जो स्थानीय अधिकारियों को संघीय इमिग्रेशन अधिकारियों के साथ सहयोग करने से रोकती हैं।

## ब्रिटेन में भारतवंशी नेता सुएला ब्रेवरमैन ने कंजरवेटिव पार्टी छोड़ी, कट्टर दक्षिणपंथी नाइजल फराज की पार्टी में शामिल



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने सोमवार को कंजर्वेटिव पार्टी छोड़कर आप्रवासन-विरोधी पार्टी रिफॉर्म यूके पार्टी जॉइन कर ली। उन्होंने कहा कि वे अब टोरी पार्टी को 'अलविदा' कह रही हैं, क्योंकि कंजर्वेटिव सरकार के दौर में इमिग्रेशन पूरी तरह 'काबू से बाहर' हो गया है।

45 साल की ब्रेवरमैन दक्षिणी इंग्लैंड के फेयरहैम और वॉटरलूविल से सांसद हैं और गोवा मूल की हैं। उन्होंने सार्वजनिक तौर पर बताया कि उन्होंने कंज़र्वेटिव पार्टी की 30 साल पुरानी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। लंदन में हुए एक कार्यक्रम में रिफॉर्म यूके के नेता नाइजेल फराज ने उनका स्वागत किया। ब्रेवरमैन अब उन बड़े कंजर्वेटिव नेताओं में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने फराज की पार्टी का दामन थामा है। उनसे पहले पूर्व मंत्री रॉबर्ट जेनरिक और नदीम जहावी भी रिफॉर्म यूके में जा चुके हैं। इसके साथ ही कंजर्वेटिव पार्टी से रिफॉर्म यूके में जाने वाले सांसदों की संख्या 8 हो गई है। पार्टी छोड़ने के बाद ब्रेवरमैन ने कहा, 'ब्रिटेन टूट चुका है। देश तकलीफ में है, ठीक नहीं है। इमिग्रेशन काबू से बाहर है, सार्वजनिक सेवाएं चरमरा गई हैं, लोग खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करते और हमारे युवा बेहतर भविष्य की तलाश में देश छोड़कर जा रहे हैं। ब्रेवरमैन ने फराज की तारीफ करते हुए कहा कि ब्रिटिश राजनीति में सिर्फ एक ही ऐसा व्यक्ति है जो अपने देश के लिए लगातार साहस के साथ खड़ा रहा है, और वह व्यक्ति नाइजेल फराज हैं। कंजर्वेटिव पार्टी के भीतर ब्रेवरमैन को कट्टर दक्षिणपंथी धड़े का बड़ा चेहरा माना जाता रहा है। वे पहले पार्टी नेतृत्व का चुनाव भी लड़ चुकी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन, लिज ट्रस और ऋषि सुनक ने उन्हें अपनी सरकार की टॉप लीडरशिप में शामिल किया था। विवादों से उनका पुराना नाता रहा है। उन्हें दो बार गृह मंत्री पद से हटाया गया। पहली बार लिज ट्रस के कार्यकाल में मंत्री आचार संहिता के उल्लंघन पर और दूसरी बार पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के दौर में विवादित मीडिया टिप्पणियों की वजह से।

## अमेरिका के अलग होने पर डब्ल्यूएचओ ने तोड़ी चुप्पी, टेड्रोस बोले-आपके फैसले से दुनिया में खतरा बढ़ा

**जिनेवा , एजेंसी।** अमेरिका के विश्व स्वास्थ्य संगठन से हटने के फैसले पर डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधानोम गेब्रेयेसस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा बताए गए कारण तथ्यों से परे और गलत हैं। डॉ. टेड्रोस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा कि अमेरिका डब्ल्यूएचओ का संस्थापक सदस्य रहा है और संगठन की कई ऐतिहासिक उपलब्धियों में उसकी अहम भूमिका रही है। इनमें चेचक का उन्मूलन, पोलियो, इबोला, इन्फ्लुएंजा, टीबी, मलेरिया और अन्य गंभीर बीमारियों के खिलाफ लड़ाई शामिल है। अमेरिका के फैसले पर डब्ल्यूएचओ की आपत्ति डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा, अमेरिका के डब्ल्यूएचओ से हटने से न सिर्फ अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया कम सुरक्षित हो जाती है। उन्होंने साफ किया कि डब्ल्यूएचओ हमेशा सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान करता आया है और अमेरिका के साथ भी यही रवैया रहा है। डब्ल्यूएचओ को उम्मीद है कि भविष्य में अमेरिका फिर से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

**कोविड-19 पर लगाए गए आरोप :** अमेरिका ने डब्ल्यूएचओ पर कोविड-19 महामारी के दौरान विफलता, जानकारी छिपाने और गलत मार्गदर्शन देने का आरोप लगाया था। इस पर डब्ल्यूएचओ ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने महामारी के दौरान तेज़ी और पारदर्शिता से जानकारी साझा की। मास्क, वैक्सीन और सामाजिक दूरी की सलाह दी गई लेकिन लॉकडाउन या वैक्सीन अनिवार्यता की सिफारिश कभी नहीं की अंतिम फैसले सरकारों पर छोड़े गए। डब्ल्यूएचओ ने माना कि किसी भी संगठन से कुछ गलतियां हो सकती हैं, लेकिन उसने महामारी से निपटने में अपनी भूमिका पूरी ईमानदारी से निभाई। अमेरिका का आधिकारिक रुख 22 जनवरी को अमेरिका ने औपचारिक रूप से डब्ल्यूएचओ से बाहर निकलने की घोषणा की।अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और स्वास्थ्य मंत्री केनेडी ने कहा कि आगे डब्ल्यूएचओ से अमेरिका का संपर्क सिर्फ निकासी प्रक्रिया और अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा तक सीमित रहेगा। डब्ल्यूएचओ ने दोहराया कि वह सभी देशों के साथ मिलकर काम करता रहेगा और उसका लक्ष्य है हर इंसान को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, जो एक मौलिक मानव अधिकार है।

## नाइजीरिया में राष्ट्रपति टीनुबू की सरकार के खिलाफ साजिश का पर्दाफाश, अब मुकदमा चलाएगी सेना

**अबूजा, एजेंसी।** नाइजीरिया के रक्षा मुख्यालय ने सोमवार को एक बड़ी जानकारी दी। एक जांच रिपोर्ट के आधार पर सेना ने बताया कि सैन्य अधिकारियों के एक समूह पर तख्तापलट की साजिश रचने का आरोप है। अब इन अधिकारियों पर मुकदमा चलाया जाएगा।



**16 अधिकारियों की हुई थी गिरफ्तारी :** इस मामले में अक्टूबर महीने में कम से कम 16 अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। उस समय सेना ने इसे अनुशासनहीनता और नियमों का उल्लंघन बताया था। इन गिरफ्तारियों और तख्तापलट की अफवाहों से इलाके में तनाव काफी बढ़ गया था। यह क्षेत्र पहले भी कई बार तख्तापलट का सामना कर चुका है।

**राष्ट्रपति के खिलाफ थी साजिश :** नाइजीरियाई सेना के प्रवक्ता समाइला उबा ने सोमवार को बताया कि अधिकारियों के आचरण की जांच पूरी हो गई है। जांच में खुलासा हुआ कि राष्ट्रपति बोला टीनुबू की सरकार के खिलाफ तख्तापलट की साजिश रची गई थी।

उबा ने कहा, 'जांच में कई अधिकारियों की पहचान हुई है। उन पर सरकार गिराने की योजना बनाने का आरोप है। यह काम सेना के मूल्यों और पेशेवर मानकों के बिल्कुल खिलाफ है।' प्रवक्ता ने बताया कि दोषी अधिकारियों को सैन्य अदालत (पैनल) के सामने पेश किया जाएगा। वहां उन पर सेना के नियमों के तहत मुकदमा चलेगा।

**नामों का खुलासा नहीं :** अभी यह साफ नहीं है कि गिरफ्तार किए गए 16 अधिकारियों में से कितनों पर मुकदमा चलेगा। अधिकारियों ने उनके नाम भी नहीं बताए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि सेना में अनुशासन बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

**अफ्रीका में तख्तापलट की घटनाएं बढ़ी :** यह खबर ऐसे समय आई है जब पश्चिम और मध्य अफ्रीका में तख्तापलट की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले साल के अंत में बेनिन और गिनी-बिसाऊ में भी ऐसी घटनाएं हुई थीं। जानकारों के मुताबिक, विवादित चुनाव, सुरक्षा संकट और युवाओं में नाराजगी के कारण सेना सत्ता हथियाने की कोशिश करती है। नाइजीरिया में 1966 से 1993 के बीच कई बार तख्तापलट हो चुका है। अभी वहां सरकार के कड़े आर्थिक फैसलों के कारण लोगों की मुश्किलें बढ़ी हैं, जिससे चिंता का माहौल है।

## क्या तेहरान पर हवाई हमले की तैयारी कर रहे ट्रंप? ईरान के नजदीक पहुंचे अमेरिका के युद्धपोत

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में विरोध प्रदर्शनों को वहां की सरकार ने कुचल दिया है और जब ऐसा लग रहा है कि हालात सामान्य होने की तरफ हैं, लेकिन लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दिमाग में कुछ और ही चल रहा है। दरअसल अमेरिका का युद्धपोत अब्राहम लिंकन ईरान के नजदीक पहुंच गया है। जिससे आशंका पैदा हो गई है कि शायद ट्रंप, ईरान पर हमले की तैयारी कर रहे हैं।

**अमेरिकी युद्धपोत पश्चिम एशिया पहुंचा :** अमेरिकी नौसेना का युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन बेहद शक्तिशाली युद्धपोत है, जो निमित्ज क्लास का है और परमाणु ऊर्जा से संचालित होता है।

यह कैरियर स्ट्राइक ग्रुप 3 का नेतृत्व करता है। यह युद्धपोत 19 जनवरी को मलक्का की खाड़ी से गुजरा। इस युद्धपोत के साथ एर्ले बुर्क क्लास के तीन डेस्टॉयर (विध्वंसक जहाज) यूएसएस फ्रैंक ई पीटरसन जूनियर, यूएसएस स्प्रांस, यूएसएस माइकल मर्फी भी शामिल हैं। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को पश्चिम एशिया में तैनात किया गया है। युद्धपोत के साथ ही अमेरिका ने अपने फाइटर जेट्स और कार्गो फ्लीट को भी ईरान के आसपास तैनात किया है।



अमेरिका के इस कदम को ईरान पर दबाव बनाने के तौर पर देखा जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने बीते दिनों सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया था कि एक बड़ी नौसैन्य टुकड़ी ईरान की दिशा में बढ़ रही है, लेकिन हो सकता है कि उसे इस्तेमाल करने की जरूरत ही न पड़े।

**ईरान में दिसंबर में हुए विरोध प्रदर्शनों में हजारों लोग मारे गए :** ईरान में बीते दिसंबर में बढ़ती महंगाई और बिगड़ती अर्थव्यवस्था के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इन विरोध प्रदर्शन में छह हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने का दावा है। ईरान की सरकार ने कई प्रदर्शनकारियों को फांसी देने की तैयारी कर ली थी, लेकिन अमेरिका की धमकी के बाद ईरान ने फिलहाल फांसी की सजा टाल दी है। अमेरिकी धमकियों के बीच ईरान ने भी चेताया है कि वे युद्ध नहीं चाहते लेकिन अगर अमेरिका हमला करता है तो पूरी ताकत से हमले का जवाब दिया जाएगा।

# आईसीसी रैंकिंग: सूर्यकुमार यादव की टॉप-10 में वापसी, अभिषेक नंबर 1 पर बरकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी लेटेस्ट आईसीसी टी20आई रैंकिंग में टॉप 10 बल्लेबाजों की लिस्ट में वापस आ गए हैं। वह पांच पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं, न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20आई सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद जिसमें भारत अभी 3-0 से आगे है।

भारतीय कप्तान जो सबसे छोटे फॉर्मेट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, उन्होंने दूसरे मैच में 82 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली और 468 दिनों के अपने अर्धशतक के सूखे को भी खत्म किया। सूर्यकुमार ने अगले मैच में भी इस लय को जारी रखा और सिर्फ 26 गेंदों में 57 रन बनाए। भारत के ओपनर अभिषेक शर्मा ने भी तीसरे टी20आई में 68 रनों की शानदार पारी खेलकर टॉप पर अपनी स्थिति मजबूत की। 929 अंकों के साथ उन्होंने टॉप पर अपनी बढ़त को 80 रेटिंग अंकों तक बढ़ा दिया है।

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी तीसरे ञ्20ढ्ढ में ब्लैककैप्स के खिलाफ तीन विकेट लेने के बाद गेंदबाजों की रैंकिंग में चार स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि टीम के साथी वरुण चक्रवर्ती ब्लैककैप्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद अभी भी टॉप पर अपनी स्थिति बनाए हुए हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे ने मौजूदा सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद रैंकिंग में अपनी बढ़त जारी रखी है। हार्दिक एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दुबे पांच स्थान ऊपर चढ़कर ग्यारहवें स्थान पर आ गए हैं।

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में 18 स्थान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि साउथ अफ्रीका के कप्तान एडन मार्करम 20वें नंबर पर पहुंच गए हैं और वेस्टइंडीज के हार्ड-हिटर ब्रेंडन किंग भी 15 स्थान ऊपर आ गए हैं। अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान, साउथ अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश और वेस्टइंडीज के सीमर मैथ्यू फोर्ड गेंदबाजों की रैंकिंग में पांच, आठ और उन्नीस स्थान ऊपर आ गए हैं।

इंग्लैंड की टॉप बैटिंग जोड़ी हैरी ब्रूक और जो रूट ने अपनी टीम को श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने में मदद की। नतीजतन ब्रूक 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, और रूट छह स्थान ऊपर चढ़कर वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 17वें स्थान पर आ गए हैं।



# ऑस्ट्रेलियन ओपन : मुसेट्टी के रिटायर होने से सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच



**मेलबर्न (एजेंसी)।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। है। जोकोविच इस बार किस्मत से सेमीफाइनल में पहुंचे गये क्योंकि क्वार्टर फाइनल में उनके विरोधी इटली के लोरेंजो मुसेट्टी बढ़त पर थे लेकिन तीसरे सेट में चोटिल होने के कारण उन्हें रिटायर होना पड़ा ऐसे में जोकोविच 13वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गये।

मुसेट्टी ने एकल मुकाबले की शुरुआत अच्छी तरह की थी। उन्होंने पहला सेट 6-4 और दूसरा सेट 6-3 से जीता था। था। मुसेट्टी की तगड़ी सर्विस और बेसलाइन खेल से जोकोविच पर दबाव रहा। इससे जोकोविच दबाव में रहे। पहले सेट में मुसेट्टी ने बढ़त हासिल की। दूसरे सेट में भी वह बढ़त पर थे और उन्होंने सर्विस ब्रेक के साथ 6-3 से सेट जीत लिया।

हालांकि, तीसरे सेट के तीसरे गेम में मुसेट्टी के दाहिने पैर में चोट लगी और उनकी हड्डी टूट गई। फिजियो से इलाज के बाद वह खेलते रहे पर दर्द बढ़ने के कारण उन्हें मैच से बाहर होना पड़ा। मुसेट्टी के रिटायर होते हीं जोकोविच सेमीफाइनल में पहुंच गए।जोकोविच का सामना अब शुक्रवार को सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर और आठवें वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल मैच के विजेता से होगा।

# टी20 विश्वकप में कोई टीम भारत के सामने टिक नहीं पायेगी : इरफान पठान

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है कि इस बार भारतीय टीम अपनी धरती पर होने वाले टी20 विश्कवप को जीतने की प्रबल दावेदार रहेगी। पठान के अनुसार जिस प्रकार के फार्म में भारतीय टीम अभी है उससे कोई भी टीम उसके सामने नहीं टिक पायेगी। पठान ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय टीम ने हाल के समय में खेला है और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज पर कब्जा किया है उससे उसके बुलंद हौंसले का अंदाजा लगाया जा सकता है। टीम की बल्लेबाज और गेंदबाजी दोनो ही लाजवाब है। टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम का आक्रामक प्रदर्शन देखकर ही अन्य टीमें दबाव में आ जाएंगी। भारतीय टीम ने कीवी टीम के खिलाफ जिस प्रकार तेजी से लक्ष्य का पीछा किया है। उसे पता चलता है कि टीम निडर होकर खेल रही है। साथ ही कहा कि जो भी टीम भारतीय टीम के बीच आयेगी वह ध्वस्त हो जाएगी।

साथ ही कहा कि टीम का लक्ष्य अपनी खिताब बरकरार रखना रहेगा। आज तक मेजबानी करने वाली टीमों ने टी20 विश्व कप नहीं जीता है। इसलिए भारतीय टीम इस बार जीत के साथ ही इस मिथ को भी तोड़ देगी। टीम बड़ जीत दर्ज कर विश्वकप में इतिहास रच देगी। पठान ने कहा है कि भारतीय टीम तकरीबन




अपराजेय दिख रही है। ऐसी टीम जिसे हराना लगभग असंभव है। पठान ने कहा, 'इस भारतीय टीम को हराना करीब करीब असंभव सा लग रहा है। उनके खेल को देखकर ऐसा लग रहा है कि जो भी इनके खिलाफ आएगा वो पूरी तरह बिखर जाएगा '

न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज के तीसरे टी20 मैच का उदाहरण देते हुए पठान ने कहा कि जब विकेट गिर जा रहे थे तो भी टीम के आक्रामक अंदाज में बदलाव नहीं आया। पठान ने आगे कहा, 'भारतीय टीम का यही आक्रामक अंदाज ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण् अफ्रीका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज जैसी टीमों के लिए डरावना रहेगा। भारतीय टीम अविश्वसनीय क्रिकेट खेल रही है। भारतीय टीम विश्व कप से पहले दूसरी टीमों पर दबाव बना रही है।' टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

# श्रीकांत ने पाकिस्तान पर कसा तंज , हार से बचने कोई बहाना बनाकर विश्वकप से हटना ही होगा बेहतर

**चेनई (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले माह भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्वकप के बहिष्कार की धमकी दे रहा है। पाकिस्तान का कहना है कि उसने अभी विश्वकप में भाग लेने को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं किया है और सरकार के संदेश को इंतजार कर रहा है। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि वह विश्वकप में भले ही भाग ले पर भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच में शायद ही खेले। इसी को लेकर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कप विजेता टीम के सदस्य रहे के श्रीकांत ने पाक टीम पर तंज कसते हुए कहा है कि वह कोई बहाना बनाकर हट जाये क्योंकि अगर वह खेलती भी है तो उसे भारतीय टीम के खिलाफ करारी हार झेलनी पड़ेगी। श्रीकांत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम के अच्छे प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय टीम जबरदस्त लय में है और जो भी टीम बीच में आयेगी उसे हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'पिछले दूसरे टी20 मैच में भारतीय टीम ने 15 ओवर में ही 208 रन बना लिए। वहीं तीसरे मैच में भी टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। । इसे देखते हुए कई टीमें तो कह रही होंगी- नहीं, हम नहीं आ रहे हैं। आप कप रख सकते हो।'

वहीं पाक को लेकर श्रीकांत ने कहा, मत ही आओ तो अच्छा रहेगा। तुम्हारे पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी भी कह रहे हैं मत जाओ। आप पीटे जाओगे। कोलंबो में लगा सिक्स मद्रास में गिरेगा। सावधान। सबसे अच्छा दूर रहना ही बेहतर होगा। बहाना बना लो और मत आओ। टी20 क्रिकेट में आजकल जिस प्रकार का आक्रामक अंदाज भारतीय टीम ने दिखाया है उसे देखकर कोई भी टीम आने की नहीं सोचेगी।गौरतलब है कि बांग्लादेश के टी20 विश्वकप से बाहर रहने के फैसले के बाद से ही पाक ने भी कई बार टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी दी है हालांकि एक ओर उसने टीम भी घोषित कर दी है। वहीं पाक मीडिया में अटकलें हैं कि पाकिस्तान भले टी20 विश्व कप का बहिष्कार न करे लेकिन वह 15 फरवरी को भारत के साथ होने वाले ग्रुप मैच का



बहिष्कार कर सकता है।टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। इसकी संयुक्त मेजबानी भारत और श्रीलंका कर रहे हैं। टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं जिन्हें 5-5 के कुल 4 ग्रुप में बांटा गया है।

# टी20 विश्वकप में होप की कप्तानी में उतरेगी वेस्टइंडीज

जमैका ।वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अगले माह भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। शाई होप की कप्तानी में टीम इस टूर्नामेंट में उतरेगी। 15 सदस्यीय दल में अनुभवी जेसन होल्डर और रोवमैन पॉवेल को भी शामिल किया गया है। टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरु होगा। इसमें वेस्टइंडीज अपना पहला मैच स्कॉटलैंड से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेलेगी। वेस्टइंडीज ने अपनी टीम में युवा बल्लेबाज़ क्वेंटिन सैंपसन को भी शामिल किया है। सैंपसन ने हाल ही में दुबई में अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज़ में टी20 डेब्यू किया था। सैंपसन ने सीपीएल लीग में गुयाना अमेज़न वॉरियर्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाये थे। इस क्रिकेटर ने 9 पारियों में 151.57 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाये थे। टीम में रोस्टन चेस, अकील होसैन और शेरफेन रदरफोर्ड व रोमारियो शेफर्ड को भी शामिल किया गया है।

तेज़ गेंदबाज़ शमार जोसेफ को भी टीम में जगह मिली है। टीम की तेज़ गेंदबाज़ी की कमान शमार जोसेफ के पास रहेगी। उनका साथ जेसन होल्डर, मैथ्यू फोर्ड और जेडन सील्स देंगे। स्पिनर के तौर पर अकील होसैन के के अलवा रोस्टन चेस और गुडाकेश मोटी रहेंगे। वेस्टइंडीज की टीम में पिछले विश्व कप के 11 खिलाड़ी शामिल हैं। एविन लुईस और अल्ज़ारी जोसेफ को चोट के कारण टीम में जगह नहीं मिली है।

# आईसीसी ने बांग्लादेशी मीडिया को नहीं दी भारत में टी20 विश्वकप मैचों के कवरेज की अनुमति

दुबई ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि अगले माह खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के भारत में होने वाले मैचों की कवरेज की अनुमति बांग्लादेशी मीडिया को नहीं है। ऐसे में अब बांग्लादेशी पत्रकार इन मैचों को कवर करने भारत नहीं आ सकेंगे। आईसीसी ने विश्व कप 2026 के भारत में होने वाले मैचों को कवर करने के लिए बांग्लादेशी पत्रकारों के आवेदन को ठुकरा दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी अधिकारियों ने कहा है कि बांग्लादेश की सरकार और क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से अपनी टीम को भारत नहीं भेजने की बात कही है। इसी को देखते हुए बांग्लादेशी पत्रकारों के वीजा और एक्रेडिटेशन (अधिमान्यता) आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। विश्व कप का आयोजन भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से 7 फरवरी से 6 मार्च तक होगा। आईसीसी के अनुसार जब बांग्लादेशी सरकार भारत को सुरक्षित नहीं मानती है तब कैसे उसके पत्रकारों को प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, कई बांग्लादेशी पत्रकारों ने कहा था कि उन्हे शुरू में 20 और 21 जनवरी को आवेदन मंजूरी वाले ईमेल मिले थे पर बाद में इन्हें रद्द कर दिया गया। वहीं बांग्लादेशी मीडिया कमेटी के चेयरमैन अमजद हुसैन का मानना है कि बांग्लादेश के 130 से 150 पत्रकारों ने अधिमान्यता के लिए आवेदन किया किया था।अमजद ने कहा, सभी बांग्लादेशी पत्रकारों के आवेदन को खारिज कर दिया गया था। इस साल करीब 130 से 150 पत्रकारों ने आवेदन किया था पर किसी को भी अधिमान्यता नहीं मिली।एक वरिष्ठ पत्रकार ने कहा, भले ही कोई टीम नहीं खेल रही हो, आईसीसी एसोसिएट सदस्य देशों के पत्रकारों को अभी भी एक्रेडिटेशन मिल सकता है।

# क्विंटन डी कॉक वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ा मुकाम हासिल करने उतरेंगे, मात्र 2 रन की जरुरत

सेंचुरियन (दक्षिण अफ्रीका)। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक बुधवार से सेंचुरियन में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टी20आई मैच में टी20 क्रिकेट में 12000 रन के आंकड़े को छूने से सिर्फ दो रन दूर हैं। सीरीज में 1-0 की बढ़त के साथ प्रोटियाज सेंचुरियन में दूसरे टी20आई में विंडीज से भिड़ेंगे। वह



पहला टी20आई मैच नहीं खेल पाए थे और हाल ही में खत्म हुए SA20 सीजन में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे डी कॉक फरवरी में टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले अपनी नेशनल टीम के लिए कुछ कीमती गेम प्रैक्टिस करना चाहेंगे। फ्रेंचाइजी क्रिकेट की विभिन्न लीगों और अपने देश के लिए 429 टी20 मैचों में उन्होंने 429 मैचों और 415 पारियों में 31.24 की औसत से कुल 11,198 रन बनाए हैं जिसमें स्ट्राइक रेट 138 से अधिक है जिसमें 7 शतक और 81 अर्धशतक और सर्वश्रेष्ठ स्कोर 140* शामिल है। वह इस फॉर्मेट में 11वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। साउथ अफ्रीका के लिए 100 टी20आई में उन्होंने 99 पारियों में 30.78 की औसत और 140 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 2,771 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम एक शतक और 18 फिफ्टी हैं और बेस्ट स्कोर 100 है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन: सिनर खिताबी हैट्रिक के करीब, जोकोविच भाग्य के सहारे सेमीफाइनल में पहुंचे

**मेलबर्न (एजेंसी)।** विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन यानिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच किस्मत के सहारे अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहे।

## सिनर की लगातार तीसरी खिताबी दौड़

यानिक सिनर ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के आठवीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को 6-3, 6-4, 6-4 से हराया। दो घंटे 23 मिनट तक चले इस मुकाबले में सिनर ने शुरू से अंत तक नियंत्रण बनाए रखा। वह अब लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने से सिर्फ दो जीत दूर हैं।

## चोट ने बदली जोकोविच की किस्मत

नोवाक जोकोविच क्वार्टरफाइनल में



इटली के पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ शुरुआती दो सेट 4-6, 3-6 से हार चुके थे। तीसरे सेट में मुसेटी को दाहिने पैर में चोट लग गई, जिसके बाद उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया और अंततः मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह जोकोविच को सेमीफाइनल में एंट्री मिल गई।

## 'आज मेरा दिन नहीं था' - जोकोविच

मैच के बाद जोकोविच ने कहा, 'मुझे मुसेटी के लिए बहुत दुख है। वह आज मुझसे बेहतर खेल रहा था। ईमानदारी से कहूं तो आज मेरा दिन नहीं था, लेकिन टेनिस में कभी-कभी किस्मत भी अहम भूमिका निभाती है।'

## सेमीफाइनल की बड़ी टक्कर

पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में अब यानिक सिनर का सामना नोवाक जोकोविच से होगा। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में विश्व नंबर-1 कार्लोस अल्काराज़ और तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव आमने-सामने होंगे।

## महिला वर्ग में भी रोमांच

महिला सिंगल्स में पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना रयबाकिना और छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं।रयबाकिना ने विश्व नंबर-2 इगा स्वियातेक को 7-5, 6-1 से हराया। पेगुला ने चौथी वरीय अमांडा अनिसिमोवा को 6-1, 7-6 से मात दी। दूसरे सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय एरिना सबालेंका का सामना एलिना स्वितोलिना से होगा।

# थाईलैंड मास्टर्स में अशिमता चालिहा का दमदार वापसी, मेन ड्रॉ में बनाई जगह




पटुमवान (एजेंसी)। भारत की अशिमता चालिहा ने पटाया में खेले गए दो कड़े क्वालिफाइंग मुकाबले जीतकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स मेन ड्रॉ में जगह बना ली। 26 वर्षीय अशिमता ने अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे की ऊंची रैंकिंग वाली हंग यी टिंग के खिलाफ तीन गेम के रोमांचक मुकाबले से की, जिसे उन्होंने 15-21, 21-12, 21-12 से अपने नाम किया। पहला गेम गंवाने के बाद दुनिया की 87वीं रैंक वाली अशिमता ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे और तीसरे गेम में पूरा नियंत्रण बनाए रखा और मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने इस लय को अंतिम क्वालिफाइंग राउंड में भी बरकरार रखा, जहां उन्होंने कोरिया गणराज्य की किम जूउन को 21-11, 10-21, 21-16 से हराकर मेन ड्रॉ का टिकट पक्का किया। निर्णायक गेम में स्कोर 15-15 की बराबरी पर पहुंचने के बाद अशिमता ने जबरदस्त धैर्य और आक्रामक खेल दिखाया और लगातार अंक जुटाकर मुकाबला अपने नाम किया। सुपर 300 श्रेणी के इस टूर्नामेंट में क्वालिफाइंग राउंड से आगे बढ़ने वाली वह एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रहीं। डबल्स वर्ग में भारत का सफर जल्दी समाप्त हो गया। पुरुष डबल्स में साई प्रतीक के और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय को मलेशिया की जोड़ी नूर मोहम्मद अजरीन अयूब और टैन वी कियोंग ने 22-20, 22-20 से हराया। महिला डबल्स में रुतपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा को चीन की बाओ ली जिंग और ली यी जिंग से सीधे गेम में हार मिली, जबकि अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम को इंडोनेशिया की फेब्रियाना कुसुमा और मेलिसा पुष्पितसारी ने बाहर किया। इसके अलावा सानिया सिकंदर और रश्मि गणेश भी क्वालिफाइंग राउंड में बाहर हो गईं। सिंगल्स क्वालिफायर में सतीश कुमार और सनीथ दयानंद पुरुष सिंगल्स से बाहर हुए, जबकि श्रेया लेले महिला सिंगल्स मेन ड्रॉ में जगह नहीं बना सकीं। मिक्स्ड डबल्स में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान का सफर भी क्वालिफायर में ही समाप्त हो गया। भारत का मेन-ड्रॉ अभियान बुधवार से शुरू होगा, जिसमें मालविका बंसोड़, अनमोल खरब, किरण जॉर्ज और प्रियांशु राजावत अपने-अपने मुकाबलों में उतरेंगे।

# टी20 वर्ल्ड कप : भारत-पाकिस्तान मैच पर सस्पेंस, पीसीबी को एक गलत फैसले से हो सकता है भारी नुकसान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम की भागीदारी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। खास तौर पर भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले पर सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) इस अहम फैसले पर राजनीतिक दबाव, कानूनी जोखिम और संभावित आर्थिक नुकसान को ध्यान में रखते हुए बेहद सतर्कता से विचार कर रहा है। बोर्ड के शीर्ष स्तर पर लगातार बैठकों और सलाह-मशविरे का दौर जारी है, जिससे यह मामला सिर्फ क्रिकेट तक सीमित नहीं रह गया है।

## PCB के फैसले पर क्यों बना हुआ है सस्पेंस

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने संकेत दिए हैं कि वह इस शुक्रवार या अगले सोमवार तक टी20 वर्ल्ड कप 2026 को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर सकता है। हालांकि, पूरे टूर्नामेंट के बहिष्कार की संभावना बेहद कम मानी जा रही है। फिलहाल चर्चा का केंद्र केवल भारत के खिलाफ होने वाला मुकाबला है, जो वर्ल्ड कप का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला मैच माना जाता है। PCB इस बात को भली-भांति समझता है कि एक गलत फैसला क्रिकेट के साथ-साथ देश की अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी असर डाल सकता है।

## राजनीतिक और सरकारी स्तर पर मंथन

PCB चेयरमैन मोहसिन नकवी ने हाल ही में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से लंबी बैठक की, जिसमें इस मुद्दे पर सभी संभावित विकल्पों पर चर्चा हुई। नकवी सरकार के शीर्ष नेतृत्व से मार्गदर्शन चाहते हैं ताकि कोई भी कदम उठाने से पहले उसके दूरगामी राजनीतिक और कूटनीतिक परिणामों को समझा जा सके। इसके अलावा, नकवी ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से भी इस मामले पर सलाह ली है, जो दर्शाता है कि यह फैसला सिर्फ खेल प्रशासन का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा बन चुका है।

## PCB के भीतर क्या चल रही है चर्चा

रिपोर्ट्स के मुताबिक, PCB के अंदर भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार एक गंभीर विकल्प के रूप में मौजूद है। हालांकि, यह फैसला पूरी तरह परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट में हिस्सा लेता है, तो भारत के खिलाफ खेलने या न खेलने का अंतिम निर्णय शुरुआती दो मैचों के बाद लिया जा सकता है। पाकिस्तान को 7 फरवरी को नीदरलैंड्स और 10 फरवरी को अमेरिका के खिलाफ अपने पहले दो मुकाबले खेलने हैं।

## जीत या हार से बदल सकता है फैसला

सूत्रों के अनुसार, अगर पाकिस्तान अपने शुरुआती दोनों मैच जीत लेता है, तो भारत के खिलाफ मुकाबले का बहिष्कार करने की संभावना मजबूत हो सकती है। लेकिन यह कदम PCB के लिए भारी जोखिम लेकर आ सकता है। भारत-पाकिस्तान मैच न खेलना सिर्फ खेल के लिहाज से नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी बड़ा नुकसान साबित हो सकता है।

## ब्रॉडकास्ट डील और कानूनी जोखिम

PCB के कानूनी सलाहकारों ने बोर्ड को आगाह किया है कि इस समय ICC की भारत स्थित ब्रॉडकास्टर जियोस्टार स्पोर्ट्स के साथ करीब 3 अरब डॉलर की डील चल रही है, जो 2027 तक वैध है। अगर भारत-पाकिस्तान मुकाबला नहीं होता, तो ब्रॉडकास्टर ICC के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकता है। ऐसी स्थिति में ICC, PCB को नोटिस जारी कर सकता है और सदस्य देशों को मिलने वाली वार्षिक फंडिंग पर भी असर पड़ सकता है।


## पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य पर असर




PCB सूत्रों का मानना है कि यह फैसला सिर्फ एक मैच या एक टूर्नामेंट तक सीमित नहीं है। इससे पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि, भविष्य में ICC टूर्नामेंट की मेजबानी की दावेदारी और बोर्ड की स्थिति पर गहरा असर पड़ सकता है। यही वजह है कि PCB जल्दबाजी में कोई कदम उठाने के मूड में नहीं है और हर पहलू को तौलने के बाद ही अंतिम फैसला लेना चाहता है।

# महिला प्रीमियर लीग में जेमिमा पर 12 लाख का जुर्माना लगा

नई दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स को दोहरा झटका लगा है। महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) में जहां उसे करीबी मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार का




सामना करना पड़ा है। वहीं दिल्ली की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर 12 लाख का जुर्माना भी लगा है। दिल्ली को गुजरात जायंट्स ने 3 रन से हरा दिया था। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। यह जुर्माना धीमी ओवर गति के कारण लगाया गया है। लीग ने यह भी स्पष्ट किया कि इस सत्र में ये जेमिमा की पहली गलती है। इसलिए उनपर केवल जुर्माना ही लगाया गया है ।टीम अब तक 7 मैचों में छह अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। इसका नेट रन रेट -0.164 हो गया है। इससे उसके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद काफी कम हो गयी है। अब प्लेऑफ की संभावना को बनाए रखने के लिए दिल्ली को 1 फरवरी को यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ होने वाले अपने अंतिम लीग मुकाबले को हर हाल में जीतना होगा।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 29 जनवरी 2026
Www.vishalindia.in



# कंटेंट से समझौता नहीं, हिट फिल्में रिस्क लेने की ताकत देती हैं

**आयुष्मान खुराना ने खुद को कंटेंट ड्रिवन स्टार के रूप में स्थापित किया है। उनसे सफलता के गणित और आने वाली फिल्मों पर हुई बातचीत...**

**आपकी फिल्मों का स्ट्राइक रेट इंडस्ट्री में बेहतरीन माना जाता है। इसका राज क्या है?**

इसे किसी एक वजह तक सीमित नहीं किया जा सकता। सबसे अहम है स्क्रिप्ट, वही नींव है। कमजोर कहानी को कोई स्टारडम नहीं बचा सकता। इसके साथ ही मैं खुद को एक प्रोड्यूसर-फेंडली एक्टर मानता हूं। शूटिंग से पहले ही फिल्म का गणित समझ लेता हूं, ताकि प्रोजेक्ट शुरू से ही सेफ जोन में रहे। जब फिल्म आर्थिक रूप से सुरक्षित होती है, तो क्रिएटिव फीडम अपने आप बढ़ जाती है।

**प्रोड्यूसर-फेंडली होने से आपका क्या मतलब है?**

इसका दायरा बड़ा है। फीस से लेकर टीम और सेट के खर्च तक। मैं कोशिश करता हूं कि मेरी टीम छोटी और असरदार हो। फिजूलखर्ची से बचता हूं। फीस भी इस तरह तय करता हूं हूं कि कि बजट परदे पर दिखे, न कि जेब में। फिल्म हिट होगी, तो रिवॉर्ड मिल ही जाते हैं। साथ ही, मैं उन्हीं प्रोड्यूसर्स के साथ काम करना पसंद करता हूं, जिन्हें फिल्म को सही स्केल पर माउंट करना आता हो।

**क्या अब 100 करोड़ रुपए का क्लब अब आपके लिए नॉर्मल हो गया है?**

मैं नंबर्स के पीछे नहीं भागता, लेकिन उनकी अहमियत समझता हूं। 100 करोड़ रुपए कमाना मेरे लिए एक मदद जैसा है। जब ड्रीम गर्ल 2 जैसी फिल्में चलती हैं, तभी मुझे अंधाधुन, आर्टिकल 15 या एन एक्शन हीरो जैसे रिस्की प्रोजेक्ट्स करने की आजादी मिलती है। कमर्शियल सिनेमा मुझे प्रयोग करने की ताकत देता है।



# निधि अग्रवाल ने खोली निगेटिव पीआर कल्चर की पोल

**अभिनेत्री निधि अग्रवाल हाल ही में प्रभास के साथ फिल्म 'द राजा साब' में नजर आई थीं। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से कोई खास प्रतिक्रिया नहीं मिली। अब निधि अग्रवाल ने पीआर कल्चर और पैसे देकर कराए जाने वाले निगेटिव पीआर पर अपनी राय रखी है। निधि ने बताया कि कैसे अक्सर पैसे का इस्तेमाल प्रतिभा को बढ़ावा देने के बजाय लोगों को नीचा दिखाने के लिए किया जाता है।**

### यहां बहुत निगेटिव पीआर होता है

बातचीत के दौरान निधि अग्रवाल ने खुलासा किया कि उन्हें भी निगेटिव पीआर का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि इतना निगेटिव पीआर होता है। बहुत सारे तरीकों से हमले होते हैं। यहां तक कि बुक माय शो और आईएमडीबी रेटिंग्स जैसी चीजें भी। पेड रिव्यूज का एक खास वर्ग भी है। लोग दूसरों को नीचा दिखाने के लिए बहुत पैसा खर्च करते हैं। कभी-कभी मुझे लगता है कि लोग खुद को ऊपर उठाने से ज्यादा पैसा दूसरों को नीचे गिराने में लगाते हैं। हाल ही में मुझ पर भी एक दो निगेटिव अभियान शुरू हुए थे, लेकिन हमने उन्हें तुरंत रोक दिया। क्योंकि मैंने सोचा यार मैं तो खुद को अच्छे तरीके से आगे बढ़ाऊंगी, लेकिन अगर तुम कुछ नकारात्मक करोगे, तो मैं भी तुम्हें वैसा ही जवाब दूंगी।

### वरुण और कार्तिक पर हुए निगेटिव पीआर को बताया गलत

हाल ही में वरुण धवन और कार्तिक आर्यन पर हुए निगेटिव पीआर हमलों के बारे में बात करते हुए निधि ने कहा कि यह बहुत बुरा है। लोग इसके लिए बहुत पैसा खर्च करते हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत ही खराब है। क्योंकि अभिनेता बहुत संवेदनशील और भावुक होते हैं। वे अंदर से बच्चों जैसे होते हैं। मुझे लगता है कि यह उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। आपको ऐसा लगता है जैसे आप पर हमला किया जा रहा है। सार्वजनिक हस्तियां सार्वजनिक संपत्ति नहीं होतीं। घर पर सबके माता-पिता होते हैं और आप उनके प्रति जवाबदेह होते हैं। यह ठीक नहीं है।

### बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई 'द राजा साब'

निधि अग्रवाल हाल ही में प्रभास के साथ फिल्म द राजा साहब में नजर आई थीं। मारुति द्वारा निर्देशित यह हॉरर-कॉमेडी बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। फिल्म में इसके अलावा संजय दत्त, मालविका मोहनन, रिद्धि कुमार और जरीना वहाब भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

# उर्वशी ढोलकिया अब मचाएंगी द 50 में धमाल




मशहूर अभिनेत्री उर्वशी ढोलकिया जल्द ही रियलिटी शो द 50 में नजर आएंगी। शो में अपनी एंट्री को लेकर अभिनेत्री काफी उत्साहित हैं, लेकिन साथ ही घबराहट भी महसूस कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में आईएएनएस से बातचीत में खुलकर बातें शेयर की। उन्होंने कहा, मैं द 50 में जाने के लिए काफी उत्साहित हूं, लेकिन साथ ही नर्वस भी हूं। मेरे लिए यह एक बड़ा एडवेंचर होने वाला है। साथ ही, यह कुछ अलग और नया अनुभव भी होगा। मैं तो बस इस शो में नए अनुभव लेने के लिए जा रही हूं। अभिनेत्री ने प्लानिंग के बारे में बात करते हुए कहा, शो में कौन प्लानिंग करके जाता है? अगर कोई ऐसा करता है, तो प्लीज मुझे भी बता दीजिए। मैंने आखिरी बार साल 2012 में रियलिटी शो किया था और उसके बाद अब करने जा रही हूं। इसलिए मेरे पास कोई स्ट्रैटेजी नहीं है। मैं बस वहां जाकर जो होगा, उसे इंजॉय करूंगी। शो में कंटेस्टेंट्स की लिस्ट को लेकर उर्वशी ने कहा कि उन्हें अभी तक सिर्फ उतने ही नाम पता हैं, जितने अभी तक सामने आए हैं। उन्होंने कहा, जब मैं पहले रियलिटी शो में गई थी, तब भी मुझे बाकी कंटेस्टेंट्स के बारे में पहले से कुछ नहीं पता था। अब भी वही हाल है। सब कुछ पैलेस में एंटर करने के बाद ही पता चलेगा। मैं बस उस पल का इंतजार कर रही हूं। उर्वशी वैसे काफी समय से मनोरंजन जगत में काम कर रही हैं, लेकिन सबसे ज्यादा उन्होंने पॉपुलैरिटी स्टार प्लस टीवी सीरियल कसौटी जिंदगी की में कोमोलिका के रोल से हासिल की थी। अब वह कई सालों के बाद फिर से रियलिटी फॉर्मेट में वापसी कर रही हैं। द 50 एक रियलिटी शो है, जिसमें सेलिब्रिटी अलग-अलग चुनौतियों का सामना करेंगे। यह शो 1 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर रात 9 बजे और कलर्स टीवी पर भी प्रसारित होगा।





# मर्दानी सिर्फ एक फिल्म नहीं, ये एक जिम्मेदारी है

**रानी मुखर्जी ने हमेशा समाज को झकझोरने वाली कहानियां चुनीं। इस बार मर्दानी 3 में उनकी लड़ाई और खतरनाक होने वाली है। फिल्म 30 जनवरी को रिलीज होगी।**

**मर्दानी जैसे किरदार की जिम्मेदारी कैसे देखती हैं?**

मर्दानी सिर्फ एक फिल्म नहीं है, ये एक जिम्मेदारी है। शिवानी शिवाजी रॉय लोगों के दिलों में बस चुकी है। हर बार जब मैं इस किरदार में लौटती हूं, तो दबाव होता है कि पहले से ज्यादा सच्चाई और ताकत के साथ आऊं। इस बार लड़ाई और भी खतरनाक है, विषय और भी डरावना है, लेकिन ऐसी कहानियां बार-बार कही जानी चाहिए, क्योंकि जब तक दर्शक इन्हें देखेंगे नहीं, तब तक ऐसी फिल्में बनती नहीं रहेंगी।

**नेशनल अवॉर्ड जीता, वह पल पिता नहीं देख पाए। इस एहसास को आप कैसे बयां करेंगी?**

ये ऐसी कमी है जो कभी पूरी नहीं होगी। पापा मेरे सबसे बड़े सपोर्ट सिस्टम थे। उनके जाने के बाद हर खुशी अधूरी लगती है। नेशनल अवॉर्ड ही नहीं, मेरी जिंदगी का हर बड़ा पल उनसे जुड़ा है। जब भी कुछ अच्छा या बुरा होता है, सबसे पहले पापा याद आते हैं।

**हमेशा मुश्किल टॉपिक्स चुने, ये हिम्मत कहां से आती है?**

मम्मी से शायद। बचपन से हम काली-दुर्गा को पूजते हैं। देवताओं की मदद के लिए असुरों का संहार करने की कहानियां सुनकर बड़े हुए हैं। ये ताकत बंगाली संस्कृति में बचपन से ही अंदर बसी रहती है।

**कभी लगा कि गंभीर रोल चुनने से स्टारडम को नुकसान हो सकता है?**

मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं कोई रिस्क ले रही हूं, क्योंकि मैंने कभी स्टारडम को अपना लक्ष्य बनाया ही नहीं। जरूरी था कि मैं उन कहानियों का हिस्सा बनूं जो मुझे अंदर से छूती हैं। अगर कोई किरदार समाज को असहज करता है, सवाल खड़े करता है या किसी औरत की ताकत दिखाता है, तो मुझे लगता है कि मैं सही दिशा में काम कर रही हूं।



# असल में फैमिली मैन हैं तस्करी के बड़ा चौधरी शरद केलकर

**एक्टर शरद केलकर जितने ज़हीन कलाकार हैं, निजी जिंदगी में उतने ही परफेक्ट फैमिली मैन भी। टीवी, फिल्मों और ओटीटी तक पर सफलतापूर्वक अपने अभिनय की चमक बिखेरने वाले शरद इन दिनों नेटफ्लिक्स पर आई अपनी वेब सीरीज तस्करी- द स्मगलर्स वेब को लेकर चर्चा में हैं। शरद एक बेहतरीन डबिंग आर्टिस्ट भी हैं। हॉलीवुड की डाउन ऑफ द प्लेनेट ऑफ द ऐप्स और गार्डियन्स ऑफ द गैलेक्सी जैसी फिल्मों के हिंदी वर्जन से लेकर साउथ की बाहुबली फ्रेंचाइज, सलार और आदिपुरुष में वह लीड किरदार की आवाज बने। बातचीत में शरद ने अपने करियर से लेकर निजी जिंदगी और परिवार को लेकर दिलचस्प बातें की हैं।**

**शो में आप नेगेटिव रोल में हैं। पहले भी आपने नकारात्मक भूमिकाएं की हैं। क्या नेगेटिव रोल बतौर एक्टर पर्दे पर ज्यादा खेलने का मौका देते हैं?**

हां, आपको थोड़ा ज्यादा खेलने की आजादी होती है, लेकिन असल में विलेन भी अपनी नजर में हीरो ही होता है, बस उसकी सोच गलत होती है। अपने दिमाग में वह हीरो है कि मैं जो कर रहा हूं सही कर रहा हूं। अपने लिए कर रहा हूं और बतौर एक्टर आपको भी ऐसे ही सोचना होता है। अगर आप ये सोचने लगेंगे कि ये कैरेक्टर गलत कर रहा है तो वो **असहजता आपके चेहरे पर दिखेगी। इसलिए, बतौर ऐक्टर आप उसे जज नहीं कर सकते। आपको उसे अपनाना पड़ेगा। हालांकि, कभी-कभी ऐसा लगता है कि यार, ये कैसा आदमी है?**

जैसे मुझे याद है जब मैं ऑपरेशन रोमियो कर रहा था तो सातवें-आठवें दिन बहुत परेशान हो गया कि यार, ये मैं नहीं हूं। क्या गंदा काम कर रहा हूं, तो मैं नीरज पांडे सर के ऑफिस पहुंचा और बोला कि सर, मुझे बहुत तकलीफ हो रही है। खुद से घिन आ रही है कि ये मैं क्या कर रहा हूं तो उन्होंने कहा- तुझे बहुत खराब लग रहा है न, तो ऐसे ही करते रह, क्योंकि तभी लोगों को भी वैसा लगेगा। यही एक एक्टर की सफलता है कि लोगों को वह किरदार दिखे, उन्हें शरद केलकर न दिखे।

**आप एक्टर होने के साथ पिता भी हैं। कभी बेटी केशा की वजह से काम को लेकर कोई चॉइस बदली हैं कि मुझे ये चीजें नहीं करनी हैं?**

नहीं, बिल्कुल नहीं। अभी तो वो बहुत छोटी हैं। वह सिर्फ 12 साल की होने वाली है, मगर वह खुद थिएटर करती हैं। स्कूल के नाटकों में परफॉर्म करती हैं। गाना गाती है, तो इस दुनिया से अवेयर हैं। हालांकि, उसने फिल्में कभी पूरी देखी नहीं हैं। एकाध कोई फिल्म देखी होगी, लेकिन वो जानती है कि रियलिटी और एक्टिंग बहुत अलग-अलग चीजें हैं, क्योंकि वो खुद एक्टिंग करती है तो उसे पता है कि मैं एक किरदार निभा रहा हूं। इसलिए, मुझे यह डर नहीं है कि कभी वो ये बोलेगी कि पापा, आपने ऐसा कैरेक्टर क्यों किया? उतनी समझ उसमें है, क्योंकि मैं और मेरी पत्नी कीर्ति दोनों एक्टर हैं तो वह इस दुनिया से वाकिफ है। हालांकि, उसे फिल्मों में ज्यादा रुचि नहीं है। उसका रुझान म्यूजिक की ओर ज्यादा है। वह गाना गाती है।

**आपने पत्नी कीर्ति गायकवाड़ केलकर का जिक्र किया, जिनके साथ आपकी शादी को दो दशक हो गए। आज के समय में जहां प्यार के रिश्ते इतने नाजुक हो गए हैं, सफल शादी का क्या सूत्र मानते हैं?**

प्यार सबसे जरूरी चीज है। दूसरे सम्मान बहुत जरूरी है और वक्त जो एक दूसरे को देना चाहिए। ये तीन चीजें बहुत जरूरी हैं। ये तीन चीजें अगर आप एक दूसरे को देंगे तो सब आसान है। मुझे लगता है कि रिश्ता निभाना इतना भी मुश्किल नहीं है, हम बस उसे कॉम्प्लिकेटेड बना लेते हैं। बहुत छोटी-छोटी चीजें होती है, जिसे आपसी समझ से सुलझा सकते हैं। हमारी जब शादी हुई थी तब ये सुनते थे कि इनकी शादी को दस साल, 12 साल हो गए तो हैरानी होती थी। आज हमें खुद 21 साल हो गए और वैसा ही महसूस होता है जैसे जब शादी हुई थी। हमें एक थोड़ा सा फायदा ये है कि हम दोनों ही एक्टर हैं तो एक दूसरे को बेहतर ढंग से समझते हैं।

**तस्करी सीरीज में बड़े चौधरी का किरदार निभाने का अनुभव कैसा रहा? सुना है उसके लिए 8 किलो वजन कम किया?**

मैं नीरज सर (शो के रनर नीरज पांडे) के साथ 6-7 साल से काम कर रहा हूं। ये उनके साथ मेरा तीसरा प्रोजेक्ट है। मुझे उनके संग काम करने में बहुत मजा आता है, क्योंकि उनकी राइटिंग में बहुत क्लैरिटी होती है। मैंने उनके साथ काम करते हुए बहुत सीखा है। वह सब कुछ बहुत अच्छे से समझाते हैं, फिर आपको छोड़ देते हैं कि अपने हिसाब से करो। आपको किसी दायरे में नहीं बांधते, जो एक्टर के लिए बहुत बड़ी बात है। इसमें बड़े चौधरी के किरदार की खासियत यह है कि वह टिपिकल विलेन नहीं है। उसकी एक बढ़िया सी बैक स्टोरी है। वह एक आम सा दिखने वाला बिजनेसमैन है, मगर वो क्या कर रहा है, कैसे कर रहा है, वह रोचक है। रही बात वजन कम करने की, तो असल में मैं मोटा था तो नॉर्मल हुआ। ऐसा कोई वजन घटाया नहीं है। मैं बहुत फूडी हूं तो बहुत खाता रहता हूं, इसलिए वजन थोड़ा बढ़ गया था, वो थोड़ा कंट्रोल किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in